आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 25 ● कटनी ● शनिवार, 25 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## दिल्ली: फुटपाथ पर काम कर रहे मजदूरों पर पलटा ट्रक, 4 लोगों की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। राजधानी के आनंद पर्वत इलाके में आधी रात फुटपाथ पर काम कर रहे मजदूरों एक एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में एक बच्चे सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। सभी मजदूर मध्य प्रदेश के टीकम गढ़ के निवासी बताए जा रहे है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू करवाया। हादसे के बाद ट्रक घायल ड्राइवर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीएम शिवराज की घोषणा- मृतकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी, घायलों को मिलेंगे 2-2 लाख रुपए

**सतना यशभारत।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में देर रात एक भीषण सडक़ हादसा हो गया है, इस हादसे के कारण मध्यप्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान भी दुःखी हैं, उन्होंने मृतकों के आश्रितों को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है, वहीं गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपए दिए जाएंगे, वहीं अन्य घायलों को इलाज के लिए 1-1 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जो साथी नहीं रहे उनके परिजनों को 10 लाख रुपए की राहत राशि दी जाएगी।

# जगरगुंडा : जवानों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़, तीन जवान शहीद, दो घायल

■ सुकमा, ईएमएस।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा में सुबह से जवानों व नक्सलियो के बीच मुठभेड़ चल रही थी। बता दें ये मुठभेड़ जगरगुंडा के पास आश्रम पारा में हो रही थी। जानकारी के अनुसार जवानों व नक्सलियो के बीच हो रही मुठभेड़ में चल रही गोली व बम की आवाज गांव तक आ रही थी। बता दें कि उस इलाके में फोर्स सर्चिंग पर निकली थी, इसी बीच नक्सलियो व जवानों के बीच मुठभेड़ हो गई।



### सुबह आठ बजे नक्सलियों ने घात लगाकर किया हमला

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के कुंदेड़ कैम्प के पास शनिवार को सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के तीन जवान बलिदान हो गए हैं। हमले में डीआरजी जवान एएसआइ रामूराम नाग, असिस्टेंट कांस्टेबल कुंजाम जोगा व सैनिक वंजाम भीमा नक्सलियों से लड़ते हुए बलिदान हो गए। इसके साथ ही और दो जवान घायल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जगरगुंडा क्षेत्र के नए स्थापित कुंदेड़ कैम्प से एरिया डोमिनेशन पर पार्टी निकली थी। कैम्प से दो किमी दूर आश्रमपारा के पास सुबह आठ बजे नक्सलियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। जगरगुंडा के ग्रामीणों ने बताया सुबह करीब आठ बजे गोलीबारी और बम धमाकों की आवाज गांव तक सुनाई दे रही थी। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुठभेड़ थम गई है। बैकअप पार्टी को घटनास्थल की ओर भेजा गया है। क्षेत्र की सर्चिंग की जा रही है। घटनास्थल से सूचना ली जा रही है। पार्टी के लौटने की बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी। यहां बता दे कि एरिया डोमिनेशन पार्टी में 25 से 30 जवान की टुकड़ी होती है, जिनका काम मुख्यत- रोड ओपनिंग व कैम्प के आसपास सर्चिंग का होता है। कुंदेड़ का यह कैम्प हाल ही में स्थापित किया गया है। जगरगुंडा नक्सलियों का आधार क्षेत्र है, जिसे नक्सलियों की उपराजधानी के नाम से भी जाना जाता है। इस क्षेत्र में कई नक्सली कई बड़ी घटनाएं कर चुके हैं।

## » न्यूज गैलरी

### कोई साक्ष्य नहीं है कि यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध में चीन रूस का साथ देगा: बाइडन

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध में चीन रूस का साथ देगा। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जब बाइडन से यह पूछा गया कि क्या वह इस बात को लेकर चिंतित हैं कि चीन युद्ध में रूस का साथ देगा, तो उन्होंने कहा, ''अब तक इसका कोई साक्ष्य नहीं है।'' बाइडन ने कहा कि पिछले साल उन्होंने अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग से इस मामले पर विस्तृत चर्चा की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उन्होंने अभी तक ऐसा किया है।'' अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने पत्रकारों से कहा है कि उसने चीन को रूस को हथियारों की आपूर्ति करते नहीं पाया है। पेंटागन के प्रेस सचिव वायु सेना ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने कहा कि उन्नत क्षमताएं, हथियार रखने वाले चीन ने सार्वजनिक रूप से अपनी तटस्थता की घोषणा की है।



### उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइलों का किया परीक्षण

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने एक दिन पहले अपने पूर्वी तट पर लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। बाद में दक्षिण कोरियाई सेना ने भी इसकी पुष्टि की। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने कहा कि इन परीक्षणों का उद्देश्य हथियारों का संचालन करने वाली इकाई की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं तथा मिसाइलों की विसनीयता की पुष्टि करना था। यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया, जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों से निपटने की अपनी तैयारी मजबूत करने के उद्देश्य से वाशिंगटन में एक अभ्यास किया। प्योंगयांग की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने बताया कि उत्तरपूर्वी तट से छोड़े जाने के बाद चार मिसाइलों ने करीब तीन घंटे तक उड़न भरी और यह दिखाया कि ये 2,000 किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं।



### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 561 अरब डॉलर पर आया

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

शुक्रवार को जारी आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 17 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 5.681 अरब डॉलर घटकर 561.267 अरब डॉलर रह गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले हफ्ते ये 8.319 अरब डॉलर घटकर 566.948 अरब डॉलर रह गए थे। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व में गिरावट आ रही है क्योंकि वैश्विक विपरीत परिस्थितियों के बीच केंद्रीय बैंक रुपये को मजबूत करने के लिए इसका इस्तेमाल कर रहा है।



## अतीक अहमद के परिवार पर शिकंजा पत्नी और दोनों बेटों के खिलाफ FIR दर्ज

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मामले में मुख्य गवाह उमेश पाल और उसके गनर की हत्या के मामले में पूर्व सांसद अतीक अहमद की मुश्किलें बढ़ गई है। पुलिस ने इस मामले में अतीक अहमद की पत्नी और दो बेटों के खिलाफ FIR दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रयागराज के धूमनगंज थाने में उमेश पाल की पत्नी जया पाल की तरफ से पुलिस ने यह एफआईआर दर्ज की है। इसके अलावा पुलिस ने अतीक के भाई के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।



### अतीक के दोनों बेटे हिरासत में

प्रयागराज के धूमनगंज थाने में उमेश पाल की पत्नी जया पाल की ओर से इन सभी के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने एक राय होकर हत्या, हत्या का प्रयास के साथ-साथ विस्फोटक अधिनियम के तहत FIR दर्ज की है। अतीक अहमद के दोनों बेटों के साथ करीब 14 संदिग्ध हिरासत में लिया गया है और कौशांबी और प्रतापगढ़ में प्रॉपर्टी डीलिंग विवाद से जुड़े 4 अन्य युवकों को भी हिरासत में रखा गया है। इन सभी आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

उमेश पाल के कोर्ट से लेकर उसके घर तक के पूरे रास्ते के CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं। गौरतलब है कि कोर्ट में गवाही के बाद उमेश पटेल जैसे ही अपने घर पहुंचे, हमलावरों ने उमेश पटेल पर गोलियां बरसाना शुरू कर दी। हमलावर उमेश पाल की कार का लगातार पीछा करते आ रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक हमलावर बैग में बम लेकर भी आए थे। सीसीटीवी फुटेज में एक हमलावर बम निकालकर मारते भी दिखाई दे रहा है। प्रयागराज के ज्वाइंट CP की अगुवाई में 10 टीमें उमेश पाल हत्याकांड की जांच के लिए गठित की गई है।

## ओडिशा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

ओडिशा में जाजपुर जिले के धर्मशाला थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गयी।

सूत्रों ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब कोलकाता से आ रहा एक ट्रक नेउलपुर सेंट्रल बैंक के पास सड़क किनारे खड़े एक अन्य ट्रक से टकरा गया। यह ट्रक एक दिन पहले शुक्रवार को हादसे का शिकार होने के बाद सड़क पर खड़ा कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वे सभी कोलकाता क्षेत्र के रहने वाले थे। मृतकों में सड़क पर खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक भी शामिल है। सूचना मिलने पर, चांदीखोल के दमकल कर्मियों ने छह शवों को बाहर निकाला और अधिकारियों ने गंभीर रूप से घायलों में से एक को पास के अस्पताल में स्थानांतरित करने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के गांवों के आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार से दुर्घटना के बाद सड़क किनारे खड़े ट्रक को हटाने में पुलिस की विफलता के विरोध में सड़क जाम कर दिया। पुलिस के हस्तक्षेप और सड़क जाम हटाने के बाद यातायात सामान्य हुआ।




## केंद्र की बीजेपी सरकार को हमसे डर है उद्धव ठाकरे से डर है : अरविंद केजरीवाल

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगतव सिंह मान अपने एक दिन के मुंबई दौरे में उद्धव ठाकरे से मिलने मातोश्री पहुंचे. इस मुलाकात के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने देश की स्थिति पर चर्चा की है। मुद्रास्फीति बढ़ रही है। लेकिन आम जनता की आय में वृद्धि नहीं हो रही है लागत बढ़ रही है। केजरीवाल ने कहा देश में एक दूसरे का साथ देकर आगे बढ़ने की जरूरत है लेकिन देश में डर का माहौल है. ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है. ऐसा इसलिए हो रहा है कि केंद्र की बीजेपी सरकार को हमसे डर है उद्धव ठाकरे से डर है. केंद्र सरकार ने दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था. वह नौकरी नहीं दे पा रही. बेरोजगारी बढ़ रही. नौकरी नहीं मिल रही और महंगाई इतनी बढ़ रही कि आम आदमी का घर चलाना मुश्किल हो रहा है. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार कुछ उद्योगपतियों के लाभ के लिए काम कर रही है। देश में एक पार्टी है जो 24 घंटे चुनावों के बारे में सोच रहा है। हम लोगों के सवालों के बारे में सोच रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि किसानों बेरोजगारों और आम जनता की समस्याओं को हल करना हमारी प्राथमिकता है। अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग के परिणामों पर भी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा उद्धव ठाकरे की पार्टी चोरी हो गई निशान चोरी हो गया लेकिन उद्धव के पिता शेर थे वे एक शेर के बेटे हैं. उनके पीछे सारा महाराष्ट्र खड़ा है. मुझे उम्मीद है कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा÷। पंजाब के मुख्यमंत्री भागवंत मान ने कहा कि आज उद्धव ठाकरे से मिलने का मौका था। पंजाब और महाराष्ट्र का एक अनोखा रिश्ता रहा है। भगत सिंह पंजाब के थे जबकि राजगुरु पुणे से थे। कई स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के बाद देश ने स्वतंत्रता प्राप्त की है। लेकिन अब बहुत से लोग देश को लूट रहे हैं और विदेश में भाग रहे हैं। हमने उन मुद्दों पर चर्चा की है कि देश के हितों को कैसे हासिल किया जाएगा लोग कैसे प्रगति करेंगे। केजरीवाल जब मातोश्री गये तो उस समय उनके साथ उनकी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और राघव चड्ढा भी थे।



**किसानों बेरोजगारों और आम जनता की समस्याओं को हल करना हमारी प्राथमिकता**

### कांग्रेस अधिवेशन का दूसरा दिन

## देश में नफरत का माहौल, प्रधानसेवक रेल जेल, तेल अपने मित्र को बेच रहे : खड़गे



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन का शनिवार को दूसरा दिन है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश में नफरत का माहौल है। सरकार रेल, जेल, तेल सब कुछ अपने मित्रों को बेच रही है। दिल्ली सरकार में बैठे लोगों का ष्ठद्ब गरीब विरोधी है। तीन दिन चलने वाले अधिवेशन में मल्लिकार्जुन खड़गे के बाद अब सोनिया गांधी संबोधित कर रही हैं। राहुल आखिरी दिन, यानी रविवार को संबोधित करेंगे। उधर, खबर है कि पार्टी इस अधिवेशन में अपने संविधान को बदल सकती है। संगठन के पदाधिकारियों को दी गई शक्तियों के नियमों में बदलाव हो सकते हैं।



### इनमें ये 5 नियम अहम हैं

- मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ष्ह्ृष्ट के आजीवन सदस्य होंगे।
- अब शराब नहीं पीने और सिर्फ खादी पहनने वालों को सदस्य बनाने का नियम भी बदलेगा।
- कांग्रेस संविधान संशोधन कमेटी 16 संविधान और 32 नियमों में बदलाव का प्रस्ताव देगी।
- लोकसभा-विधानसभा चुनाव में आधी सीटों पर 50 साल से कम उम्र वालों को टिकट मिलेगी।
- कांग्रेस संगठन में मतदान केंद्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सोशल ऑडिट होगा।
- देशभर में आरक्षित लोकसभा सीटों पर चुनाव से पहले नई और युवा लीडरशिप तैयार की जाएगी।

## इंदौर में पेट्रोल से जलाई गई प्रिंसिपल ने दम तोड़ा 5 दिन मौत से लड़ीं

■ इंदौर, यशभारत।

इंदौर में पेट्रोल डालकर जलाई गई BM फार्मेसी कॉलेज की प्रिंसिपल विमुक्ता शर्मा (55) की शनिवार सुबह पौने 4 बजे मौत हो गई। शव का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में किया गया। यहां से परिजन शव को घर लेकर उनके आनंद नगर स्थित घर पहुंचे। घर के बाहर परिजन, रिश्तेदार और स्टूडेंट्स पहले से जमा थे। विमुक्ता की अंतिम यात्रा करीब 1 बजे रीजनल पार्क मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई। उनको उनकी बेटी वेदांशी ने कांधा दिया।



प्रिंसिपल शर्मा पिछले पांच दिन से चोइथराम अस्पताल में भर्ती थीं। उन पर एक पूर्व छात्र आशुतोष श्रीवास्तव ने कॉलेज कैम्पस में हमला किया था। वह मार्कशीट नहीं मिलने और एक प्रोफेसर द्वारा चाकूबाजी का केस दर्ज कराए जाने से कॉलेज मैनेजमेंट से नाराज था। कलेक्टर ने आरोपी छात्र के खिलाफ रासुका भी लगा दी है।पोस्टमार्टम के बाद प्रिंसिपल का शव आनंद नगर स्थित उनके घर पहुंच गया है। यहां पर उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही है। पूरे परिवार में गम का माहौल है।


पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग





**आरोप** | सीएम योगी यूपी विधानसभा में तमतमाए

## जिन्ना की आरती उतारती है सपा, अखिलेश को सुनाई खरी-खोटी

■ लखनऊ, एजेंसी।

यूपी विधानसभा बजट सत्र 2023 के दौरान सदन का माहौल एकदम से गरम हो गया। समाजवादी पार्टी ने उमेश पाल हत्याकांड पर बवाल काटा और राज्यपाल का बहिष्कार किया तो सीएम योगी तमतमा उठे। उन्होंने भरे सदन में सपा के साथ अखिलेश यादव को तीखे तेवर में खरी-खोटी सुना दी। एक तरफ अतीक अहमद को पनाह देने का आरोप सपा पर लगाया। वहीं दूसरी तरफ सपा को जिन्ना से जोड़ दिया। साथ ही कहा कि शक्ति देना आसान है, लेकिन बुद्धि देना कठिन होता है।



**सीएम योगी आदित्यनाथ** ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। तब सपा जिन्ना का महिमामंडन कर रही थी। इनको पता ही नहीं, एक तरफ 31 अक्टूबर की तिथि एकता दिवस के रूप में मनाया गया। केवड़िया में सबसे बड़ी प्रतिमा लगी है, वहां कार्यक्रम हो रहे थे। एक तरफ सरदार पटेल भारत की एकता के शिल्पी, हम उन्हें सम्मान देने का काम कर रहे थे, सपा जिन्ना की आरती उतार रही थी। इन्हें राष्ट्र को जोड़ने और तोड़ने वाले में अंतर पता नहीं। इसीलिए मैंने कहा कि शक्ति देना सरल है, बुद्धि देना कठिन है। साथ ही उन्होंने अखिलेश यादव को पिता से विरासत में मिली सत्ता को लेकर भी करार जवाब दिया।

### माफिया अतीक अहमद को मिट्टी में मिलाएंगे योगी

उन्होंने कहा कि विरोधी दल के नेता थोड़ा गुस्सा कम कर लें। प्रदेश को तो नहीं कर पाए लेकिन परिवार को जरूर एकजुट कर लेंगे। सदन की कार्यवाही के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव में तीखी बहस हो गई। सीएम योगी उनके भाषण के बीच टोके जाने से गुस्सा हो उठे। इसके बाद उन्होंने अतीक अहमद को लेकर अखिलेश और सपा को घेर लिया। सीएम योगी ने कहा कि माफिया अतीक अहमद को सपा सरकार ने ही विधायक बनाया। उन्हीं के सहयोग से एमपी-एमएलए बना। सीएम ने कहा कि प्रयागराज की घटना पर सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर काम कर रही है। आखिर में उन्होंने कहा कि हम उस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।



# उन उपभोक्ता का क्या करें जो मांगते हैं पेड बिल की रसीद

## नहीं चलेगा बिल न मिलने का बहाना

**कटनी, यशभारत।** बिजली विभाग नित नई तरीको को ऐजाद कर उपभोक्ताओं को बिल पेड करने का भरपूर साधन दे रहा है। गए वो दिन जब बिल लेकर घंटों कतार में खड़े होकर बिल जमा किया जाते थे। आए दिन यहां मारपीट लड़ाई झगड़े का वातावरण बनता था पहले आनलाइन बिलिंग पेड फिर एप से यूपीआई तथा अन्य माध्यम से बिल पेड होने लगे उसके बाद मैसेज आए तो लिंग के जरिए बिल जमा हुए। कागज से जारी बिल बंद हुए तो लिंक से पता लगा कितना बिल बकाया है अब मीटर में क्यू आर कोड से बिल जमा करने की कवायद प्रारंभ हुई है कटनी के आधे से अधिक बिजली उपभोक्ता के घरों में मीटर के पास क्यू आर कोड चिपक चुके हैं। इन्ही क्यू आर से मोबाइल के किसी भी पेमेंट एप पर स्कैन करने से बिल जमा हो जाएगा। हालांकि शहरी क्षेत्र में यह कारगए है पर गांवों को लेकर संसय है और तो और अभी शहर में भी कई ऐसे उपभोक्ता हैं तो बिल जमा होने की रसीद सभांलना चाहते हैं लिहाजा इन्हे कौन समझाए यह पता नहीं फिर भी एमपीईबी अपने प्रयास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही। एक माह मतलब मार्च तक हर उपभोक्ता के मीटर में लग जाएगा क्यूआर कोड शत-प्रतिशत। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मीटर में शत-प्रतिशत क्यूआर कोड लगाने पर जोर दिया है। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों कहा कि मार्च में हर हाल में सौ शत-प्रतिशत क्यूआर कोड लगा दिए जाएं, ताकि मीटर रीडिंग क्यू आर के जरिए की जा सके। इसमें जो भी लापरवाही कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ मीटिंग में राजस्व वसूली को लेकर भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों से सख्त से राजस्व वसूली करने को कहा गया। साथ ही निर्देश दिए गए छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों को अपने टारगेट का 90 शत-प्रतिशत राजस्व वसूली की जानी है। जो भी बकायादार बिल जमा नहीं करते उनके विरुद्व डिसकनेक्शन की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही ट्रिपल आरडीएसएस योजना की समीक्षा करते हुए इसकी तैयारियां करने को कहा गया। मोटराइजेशन को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रुप से मुख्य अभियंता जबलपुर रीजन अरविंद चौबे, एई शहर संजय अरोरा, एसई ग्रामीण नीरज कुचया, कार्यपालन यंत्री नवनीत राठौर, विवेक जसेले, इमरान खान आदि उपस्थित थे।

# मदिरा प्रदेश कहकर कमलनाथ ने किया एमपी का घोर अपमान

## पूर्व सीएम के बयान पर भाजयुमो ने किया पुतला दहन



**कटनी, यशभारत।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा मध्यप्रदेश को मदिरा प्रदेश कहे जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा थाना तिराहा में पुतला दहन किया गया। इस मौके पर मीडिया से चर्चा करते भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा की कमलनाथ ने मध्यप्रदेश की जनता का अपमान करते हुए मप्र को मदिरा प्रदेश कहकर घोर अपमान किया है। अपनी कुंठित मानसिकता का उदाहरण देते हुए कमलनाथ ने जो टिप्पणी की है उससे प्रदेश का हर नागरिक आहत है। शांति का टापू कहे जाने वाले देश के ह्र्दय प्रदेश के लिए यह शब्द कदापि उचित नहीं, इस पर कमलनाथ को माफी मांगनी चाहिए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मध्यप्रदेश को 'मदिरा प्रदेश' कहकर साढ़े 8 करोड़ नागरिकों और हमारी संस्कृति, परंपरा, संस्कारों का अपमान कर रहे हैं भाजयुमो और प्रदेश का युवा यह सहन नहीं कर सकेगा। पुतला दहन में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशांक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री चेतन हिंदुजा, जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, रणवीर कर्ण, मृदुल द्विवेदी, भावना सिंह, जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा, पूर्व निगमाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरि, मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, संदीप दुबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, सोनू बहरे, अरशद मंसूरी, संकल्प तिवारी, अनुराग त्रिसोलिया, आशीष कुंडे, इंद्र मिश्रा, सुमित जायसवाल, शिवम पांडेय, आदर्श रेशु टुड़हा, प्रवीण पांडेय, अतिन अग्रवाल, अक्षय श्रीवास्तव, राघवेंद्र खरे, पारस जैन, हर्ष पांडेय, आशु पटवा, लखन साहू, भावेश रजक, सुहैल अली, राघवेंद्र गोयनका ऋतिक कुंडे, राहुल मिश्र, प्रमोद पाठक, नीरज रजक, नमन जैन, अरशिव सेन, धनंजय शिवहरे, राजीव पटेल, शुभम केवट, अनूप श्रीवास्तव अर्पित जैन, राहुल यादव, राहुल गुप्ता, रविन्द्र यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मौसम में अगले पांच दिनों में अभी और बदलाव

**कटनी, यशभारत।** प्रदेश के साथ साथ जिले में इस साल क्या रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ने जा रही है? मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर भरोसा करें तो इस साल हालात कुछ ऐसे ही होने वाले हैं. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 5 दिनों में उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा तापमान बढ़ सकता है। कटनी में मौसम का चेंज पूरी तरह से प्रभावी है। मौसम विभाग के मुताबिक इतना तापमान आमतौर पर मार्च के पहले सप्ताह में दर्ज किया जाता है, जोकि इस बार एक सप्ताह पहले ही शुरू हो गया है. तो क्या इस बार तेज गर्मी और लू की अवधि बढ़ने जा रही है.

### अगले 5 दिनों में मौसम का हाल

कटनी जिले में मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. हालांकि, इसके बाद पारा दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है. अगले 5 दिनों की बात की जाए तो उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहने की संभावना है। इस बार मार्च के शुरुआती 15 दिनों में उत्तर पश्चिम भारत कुछ इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और उससे ऊपर भी चढ़ सकता है। मौसम विभाग ने फरवरी में ही गर्मी की इस असामान्य स्थिति के लिए कई वजहों को जिम्मेदार ठहराया है. इसमें सबसे बड़ा कारण किसी मजबूत पश्चिमी विक्षोभ का एक्टिव न होना सबसे बड़ा कारण है, जिसकी वजह से वक्त से पहले ही तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है.

# पुलिस अधिकारियों को बताई प्राणवायु देकर जान बचाने की तकनीक

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ विशेष प्रशिक्षण सत्र

**कटनी, यशभारत।** होमगार्ड प्लाटून कमांडर एवं एसडीईआरएफ के प्रशिक्षित जवानों द्वारा आज शनिवार को झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में सीपीआर के विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें सीपीआर या कृत्रिम श्वसन की जानकारी देते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि सीपीआर या कृत्रिम श्वसन को सीधे शब्दों में कहें तो कई बार व्यक्ति की अचानक सांस रुक जाती है या फिर कार्डिएक अरेस्ट की स्थिति में सांस नहीं आती है तो इस अवस्था में सीपीआर दिया जाता है। जिसकी वजह से लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक तरह से सीपीआर में बेहोश व्यक्ति को सांसें दी जाती हैं, जिससे फेफड़ों को ऑक्सीजन मिलती है। साथ ही इससे शरीर में पहले से मौजूद ऑक्सीजन वाला खून संचारित होता रहता है।





### ऐसे दी जाती है सीपीआर

इस दौरान बताया गया कि सीपीआर कोई दवा या इंजेक्शन नहीं है। यह एक तरह की प्रक्रिया है, जिसे मरीज के शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति की सांस रुक जाने पर सांस वापस लाने तक या दिल की धड़कन सामान्य हो जाने तक छाती को दबाया जाता है। जिससे शरीर में पहले से मौजूद खून संचारित होने लगता है। साथ ही इस प्रक्रिया में मरीज के मुंह में मुंह से सांस भी दी जाती है। प्रशिक्षण के तहत मॉक ड्रिल कर कृत्रिम श्वसन की तकनीक एवं पूरी प्रक्रिया बताई गई। प्रशिक्षण सत्र पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में हुआ। प्रशिक्षण में जिले भर के थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# सावधान मौसम का परिवर्तन लोगों को पहुंचा रहा अस्पतालों तक

**कटनी, यशभारत। फरवरी महीने में तापमान में तीसरी बार इस तरह की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। यह रिकार्ड है मौसम में इस परिवर्तन के कारण मौसमी बीमारिय जिसको सर्द गर्म का इफेक्टर कहते हैं इसमें खांसी, गले में खराब, बुखार उलटी दस्त के मरीजों के संख्या में जबर्दस्त उछाल आ गया है। हार्ट पेशेंट के लिए यह समय काफी कठिन है सर्द गर्म से अगर वह चपेट में आते हैं तो उनका खतरा हो सकता है।**

डॉक्टरों ने सतर्क रहने की सलाह दी है क्योंकि होली तक मौसम का यह मिजाज जारी रहेगा कभी ठंड तो कभी गर्मी का अहसास लोगों को डक्टरों के पास पहुंचाता रहेगा। इलाके में मौसम में बदलाव के साथ वायरल, मलेरिया अन्य मौसमी बीमारियों का कहर जारी है। हर घर मे लोग मौसमी बीमारी से पीड़ित हैं। चिकित्सा विभाग बीमारियों पर काबू पाने का दावा कर रहा है लेकिन हकीकत यह है की सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की कतार नजर रही है। वायरल के प्रकोप के चलते कई लोग डेंगू स्क्रब टाइफस मलेरिया की चपेट में चुके हैं। पीड़ितों का सरकारी तो निजी अस्पतालों मे इलाज चल रहा है। कुछ पीड़ित अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर पर उपचार करा रहे हैं। इधर चिकित्सा विभाग रक्त के नमूने लेकर इतिश्री कर रहा है। इससे स्थानीय लोगों मे रोष व्याप्त है। अस्पताल में आई एक महिला बबली शर्मा मलेरिया से ग्रस्त है तो वहीं आदर्श कॉलोनी के हर्षित, सौरव परिवार के पांच सदस्य बुखार से पीड़ित हैं। गांव के रामसिंह लीलाराम ने बताया की मौसमी बीमारियों से गत वर्षों में कई लोग जान गंवा चुके हैं। ग्रामीणों ने रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करने क्षेत्र में फोगिंग कराने की मांग की है।

# संत गाडगे जयंती पर हुआ मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



### समस्त रजक समाज विकास समिति ने आयोजित किए विविध कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत गाडगे महराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कृषि उपज मंडी पहरूआ के पीछे स्थित संत गाडगे आश्रम में संत गाडगे महराज की 147वीं जयंती के अवसर पर समस्त रजक समाज विकास समिति के द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रम में समाज के मेघावी छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष कोदूलाल रजक, कोषाध्यक्ष उमेश चंद रजक, सचिव राजेश रजक सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### आश्रम निर्माण के लिए दान की अपील

समस्त रजक समाज विकास समिति के सचिव राजेश रजक ने बताया कि कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित संत गाडगे आश्रम को भव्यता प्रदान करने निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इस कार्य में समाज के लोग अपनी इच्छा अनुसार दान दे सकते हैं। दान में नगद राशि के अलावा सीमेंट, रेत, गिट्टी व लोहा भी दान दे सकते हैं।

# पूर्णाहूति व भंडारे के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन

## छपरवाह में धार्मिक आयोजन से धर्ममय हुआ क्षेत्र का माहौल







### विधायक व ननि अध्यक्ष ने भी ग्रहण किया प्रसाद

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिन आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा नेता अश्विनी गौतम, महेश शुक्ला, पार्षद राजेश भास्कर, शकुन्तला सोनी, राजू शर्मा भी पहुंचे।

**कटनी,यशभारत।** शहर के उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीराधा-कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का 24 फरवरी शुक्रवार को पूर्णाहूति, भंडारे व प्रसाद वितरण के साथ समापन हो गया। गौरतलब है कि छपरवाह स्थित श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में जबलपुर टेक्सास, अमेरिका निवासी शैलेष अवस्थी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अभिलाषा अवस्थी के द्वारा भगवान श्रीराधाकृष्ण के मंदिर का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्री राधा और कृष्ण प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन 22 फरवरी से भव्य कलश एवं शोभा यात्रा से प्रारंभ हो हुआ था। भगवान कृष्ण व राधा की प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पंडित डॉण् रामाधार शुक्ला के सानिध्य में सम्पन्न कराया गया। धार्मिक आयोजन के दूसरे दिन 23 फरवरी को देव आव्हान, जलाधिवास, अन्नाधिवास कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। वहीं 24 फरवरी शुक्रवार को इस धार्मिक आयोजन का समापन पूर्णाहूति, भंडारे एवं प्रसाद वितरण से किया गया। उल्लेखनीय है कि धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे मंदिर परिसर की आकर्षक और मनोहारी विद्युत साज सज्जा की गई है। आयोजक मंडल के उमाशंकर शुक्ला, विजय शंकर शुक्ला, गिरिजाशंकर शुक्ला, अनिल शुक्ला, भगवत प्रसाद मिश्रा, बलराम प्यासी, विनोद शुक्ला, रजनीश शुक्ला, कृपाशंकर शुक्ला, आशीष शुक्ला, हरभजन शुक्ला, कमल परौहा, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, सतीश द्विवेदी, आनंद शुक्ला एवं पूरन पंडा सहित क्षेत्रवासियों ने धार्मिक आयोजन में पधारे धर्म प्रेमियों का आभार व्यक्त किया है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-1 में रोजाना 3 शो ता. 24 से
दोपहर 12, 6 एवं रात्रि 9 बजे से




कलाकार- कार्तिक आर्यन, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला आदि।
शहजादा
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-2 में रोजाना 5 शो ता. 24 से
दोपहर 1, 3 (ऑडी-1), 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से




कलाकार- अक्षय कुमार, इमरान हाशमी, नुसरत भरूचा, डायना पेंटी आदि।
सेल्फी
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# विकास यात्रा दौरान 2 करोड़ 51 हजार के निर्माण कार्यों की रखी आधारशिला

**कटनी,यशभारत।** नगरीय क्षेत्र में शासन की योजनाओं का लाभ जन- जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही विकास यात्रा विवेकानंद वार्ड लखेरा से प्रारंभ होकर 6 वार्डो में पहुंची। विकास यात्रा का शुभारंभ विवेकानंद वार्ड स्थित खेरमाई मंदिर परिसर से किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित निगम के पार्षदों, समाजसेवियों एवं आमजन की मौजूदगी रही। विकास यात्रा के दौरान जनसंवाद कार्यक्रम सहित वृद्धजनों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक संदीप जायसवाल एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा वार्डवासियों के साथ मिलकर विवेकानंद चौक एंबुलेंस रोड से लखेरा रोड तक 34 लाख 32 हजार की लागत से कराये जाने वाले डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन तथा 10 लाख की लागत से बने स्कूल भवन के दो अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को हितलाभ पत्रों का वितरण किया जाकर क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याएं सुनी गई तथा मूलभूत समस्याओं के निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान नयागांव लखेरा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के समीप बाउंड्री वाल निर्माण एवं विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा के मद्देनजर मद्देनजर सीसीटीव्ही कैमरे लगाने हेतु आश्वस्त किया गया। डॉ जाकिर हुसैन वार्ड पहुंची विकास यात्रा का पार्षद रेखा संजय तिवारी की अंगुवाई में वार्डवासियों द्वारा स्वागत किया गया तथा समस्याओं से अवगत कराये जाने पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। रवीन्द्र नाथ टैगोर वार्ड में विकास यात्रा पहुंचने पर क्षेत्रीय पार्षद विनोद लाला यादव द्वारा विकास यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान वार्ड में 5 लाख 18 हजार की लागत से बनने वाली पानी की टंकी शेड एवं पशुबाड़ा में शौचालय निर्माण 32 लागत लाख की लागत से बनने वाली पानी टंकी सहित 1 करोड़ 20 लाख की लागत से तालाब सौंदर्यीकरण कार्य की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनों द्वारा अमीरगंज एवं पड़रवारा क्षेत्र में मुक्तिधाम सामुदायिक भवन बनाने की मांग किये जाने पर शीघ्र ही कार्य योजना में शामिल करने आश्वस्त किया गया।



आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# 4 करोड़ की लागत से जिले की 135 स्कूलों में मरम्मत के मामले की विधानसभा तक गूंज

## शासन के निर्देशों की अवहेलना, बड़वारा विधायक ने लगाया प्रश्न, शिक्षा विभाग में मचा हड़कम्प

**कटनी, यशभारत।** जिले की 135 स्कूलों में 4 करोड़ रूपए की लागत से मरम्मत कार्य में अनियमितताओं का मामला का सामने आया है। इस मामले की गूंज मप्र विधानसभा तक पहुंच गई है। बड़वारा विधायक बसंत सिंह ने 4 करोड़ रूपए की राशि के गोलमाल का मामला विधानसभा में उठाते हुए सवाल-जबाव किया है। उन्होंने प्रश्न किया है कि 135 विद्यालयों में कहां और किस कार्य में 4 करोड़ की राशि खर्च की गई है। इस मामले में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्कूल प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा है। विधानसभा तक मामला पहुंचने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक विधायक बसंत सिंह ने सवाल किया है कि राज्य सरकार से प्रदत्त राशि से कौन-कौन से कार्य कराए गए और इन कार्यों में कितनी राशि खर्च की गई। विधायक के सवालों का जबाव तैयार करने में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पसीना आ रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण राज्य सरकार द्वारा जारी किए वे निर्देश हैं, जिसका खुले तौर पर उल्लंघन किया गया है। सूत्रों के मुताबिक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अगस्त 2022 में जिले की लगभग 135 हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों को सामान्य मरम्मत के लिए 3 लाख रूपए प्रति शाला की दर से 4 करोड़ रूपए की राशि जिला शिक्षा विभाग को आवंटित की गई थी। डीईओ द्वारा इस राशि का वितरण जिला कोषालय के माध्यम से संबंधित प्राचार्यों को किया गया था तथा मरम्मत कार्य कराए जाने के लिए शासन एवं विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के लिए कहा गया था। निर्देशों में स्पष्ट कहा गया था कि निविदा के माध्यम से रजिस्टर्ड ठेकेदारों का चयन करते हुए कार्य की लागत का 5 प्रतिशत धरोहर राशि तथा विद्यालय में किए जा रहे मरम्मत आदि कार्य कराए जाने के पूर्व उनकी फोटो सुरक्षित रखने तथा विभाग के विमर्श पोर्टल पर कराए जा रहे कार्य की फोटो अपलोट करना था। निविदा के विवरण का प्रकाशन संबंधित शाला एवं संबंधित विकासखंड के सूचना पटल पर किए जाने के निर्देश दिए गए थे, साथ ही प्रत्येक शाला में भवन प्रभारी का चयन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जाकर आदेश जारी करने के लिए कहा गया था लेकिन जिले में शासन के निर्देशों का खुलेतौर पर उल्लंघन किया गया। इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों ने मनमर्जी करते हुए अपने चहेते ठेकेदारों को बुलाकर आधा अधूरा कार्य कराया व खुले तौर पर अनियमितताओं को अंजाम दिया गया। अब जब यह मामला विधानसभा तक पहुंच गया है। जिसका जबाव तैयार करने में अधिकारियों के हाथ पैर फूल रहे। इस मामले को लेकरा राज्य स्तर के एक अधिकारी का कटनी आना भी चर्चाओं में है। अब देखना है कि विधायक के प्रश्न के जबाव में शिक्षा विभाग क्या कार्यवाही करता है।

**अगस्त 2022 में जारी की गई थी राशि**

### क्या प्रश्न उठाए विधायक ने

बड़वारा विधायक बसंत सिंह ने मप्र विधानसभा में स्कूल शिक्षा मंत्री से प्रश्न किया है कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के पत्र अनुसार जिले की कौन-कौन सी हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के भवनों की मरम्मत हेतु कितनी राशि जारी की गई। जिले में वर्ष 2018 एवं इसके पश्चात किन शालाओं के नवीन भवन निर्मित होकर कब विभाग को सौंपे गए। राज्य सरकार द्वारा जारी की गई राशि से शालाओं में कौन-कौन से कार्य कराए गए। इन कार्यों में कितनी राशि व्यय की गई। एजेंसी, ठेकेदार एवं फर्म को किस माध्यम से भुगतान किया गया। किन-किन शालाओं में निविदा पद्धति से ठेकेदार का चयन किया गया एवं कुल कार्य की लागत का 5 प्रतिशत अमानत राशि के तौर पर किन ठेकेदारों से लिया गया।




# खंडहर में तब्दील हो रही मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला

## राखी पुरैनी में 36 लाख की लागत से बना था भवन



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम राखी पुरैनी में प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों की मिट्टी की जांच के लिए 36 लाख रुपये की लागत से भवन का निमार्ण कार्य कराया गया था, जिससे मिट्टी परीक्षण कर कृषकों द्वारा अपने खेत की मिट्टी की जांच कराई जा सके। जिसमे कौन-कौन से उर्वरकों की कितनी मात्रा में आवश्यकता की जानकारी मिल सके। लेकिन आज तक उक्त भवन का उपयोग विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। आज तक उक्त भवन में कोई भी विभागीय अधिकारी कर्मचारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिसमे आज तक किसी भी कृषक के खेत की मिट्टी का परीक्षण नहीं हो सका है। नवनिर्मित भवन खंडहर के रूप में परिवर्तित हो गया है। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमति दीपा कृष्णधर बड़गैंया, शंकर भूमिया, बबली चौधरी, रामलाल यादव, गंगाधर बड़गैंया, गोरेलाल यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि शासन की राशि का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है, जबकि प्रशासन किसानों की आय दोगुनी करने घोषणा कर किसानों के हित के लिए अनेकों योजनाएं लागू की जा रही है, किन्तु विभाग द्वारा शासकीय राशि का दुरूपयोग किया गया है। ग्रामीणो ने कलेक्टर अवि प्रसाद से इसकी शासन स्तर पर जांच किए जाने की मांग की है, ताकि भ्रष्टाचार की पोल खुल सके।

**अधिकारियों कर्मचारियों की नियुक्ति तक नहीं**

### सांई सिद्धी मंदिर रीठी की पांचवी वर्षगांठ 27 को

**कटनी, यशभारत।** राजीव गांधी महाविद्यालय रीठी सांईधाम शिवनगर स्थित सांई सिद्धी मंदिर की पांचवी वर्षगांठ प्रतिर्षानुसार इस वर्ष भी श्रद्धाभक्ति के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर 27 फरवरी सोमवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह प्रात: 11 बजे से सांई बाबा का अभिषेक पूजन किया जाएगा एवं इसके उपरांत पूजा अर्चना करते हुए हवन एवं महाआरती की जाएगी। दोपहर 1 बजे से 3 बजे तके विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसी के साथ आर्केस्ट्रा विथ माइकल द्वारा दोपहर 12 बजे से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति ने समस्त आमंत्रिजनों एवं श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# धूल के उड़ते गुब्बार से स्वास्थ्य को खतरा




कुटेश्वर माइंस में ठेका कंपनी कुमार कार्गो की मनमानी

**बरही, यशभारत।** भले ही प्रशासन पर्यावरण को संतुलित बनाने हरियाली लाने का संदेश दे रहा हो, पौधे लगाए जा रहे हों, जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है, लेकिन जिले के आखिरी छोर में संचालित कुटेश्वर माइंस के ठेका कंपनी कुमार कार्गो द्वारा घोर मनमानी करते हुए मानव जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्लो प्वाइजन धीमा जहर परोसा जा रहा है, जिस पर नकेल कसने की बजाय जिम्मेदार कुटेश्वर माइंस प्रबंधन के साथ ही प्रशासन भी मौन है, जिससे ठेका कंपनी मनमानी पर उतारू है। लाइन स्टोन क्रॉसिंग के दौरान क्रेसर प्लांट में स्प्रिंकल का उपयोग नही किया जा रहा है, जिससे धूल के गुब्बार से वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित बना रहता है। यही धूल के गुब्बार हवा के माध्यम से लोगों के फेफड़ों पर धीमा जहर के रूप में काम कर रहा है। यह स्थिति हर+ दिन यू ही बनी रहती है। कुटेश्वर माइंस से उड़ रहे धूल के गुब्बार से जारारोड़ा, गैरतलाई, कोनिया, तेमुआ सहित आसपास गांव के ग्रामीण परेशान है। कुटेश्वर माइंस का सामाजिक सरोकार भले ही बरही नगर को एक ढेला भी नही मिल रहा है, बावजूद इसके यहां की धूल का खलल बरही नगर तक पड़ रहा है। वाहनों के माध्यम से खन्ना.बंजारी स्टेशन तक ट्रांसपोर्टिंग हो रहे लाइम स्टोन से नगर की सड़कें भी धूमिल रहती है। इतना ही नही गिट्टी परिवहन के दौरान धूल के गुब्बार का असर बरही नगर तक बना रहता है।

### धूमधाम से मनाया गया रुक्मणी विवाह

**कटनी, यशभारत।** श्रीमद्भागवत महापुराण साप्ताहिक कथा के छठवे दिन उमा प्रसाद पाठक के निज निवास शिव गली नम्बर 1 रोशननगर श्री रामजानकी हनुमान वार्ड में कथा व्यास शिवकुमार शास्त्री महाराज ने कालिया नाग, रासलीला, गोपीगीत, कंस उद्धार एवं रूकमणि विवाहोत्सव का सुन्दर वर्णन किया। कथा स्थल में अयोध्या से आए संत सिरोमणी महंत सुरेन्द्र दास महाराज का आगमन हुआ। उन्होंने आशीष वचन उपस्थित सभी भक्तों को प्रदान किया। रूकमणि विवाह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम गौतम, मनोज गुप्ता एडवोकेट, पूर्व पार्षद के के तिवारी, अशोक शुक्ला, मनोज तिवारी, वीरेन्द्र कुमार परौहा रामायणी, रामनारायण उपाध्याय, श्री नामदेव, श्री सोनी, ओमप्रकाश पाठक, रामदास झारिया, गोविन्द कोरी उपस्थित रहे।



# आर्यिका संघ को शास्त्र भेंट भजन आरती के बीच आयोजन

**कटनी, यशभारत।** श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन हाऊसिंग बोर्ड जैन मंदिर का 23वां वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव गत दिवस अपार श्रद्धा एवं भक्ति के साथ परम पूज्य आचार्य श्री 108 आर्जव सागर जी महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या श्री 105 प्रतिभामति माता जी के परम सानिध्य में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रातः मंदिर जी में विराजमान मूलनायक प्रतिमा के अभिषेक करने का सौभाग्य संदेश जैन पहाड़ी, डॉ. शिखर जैन, डॉ. सुरेश जैन, डॉ. अरविंद सिंघई, डॉ. ऋषभ जैन, स.सि.प्रसन्न कुमार जैन, स. सि. सुधीर जैन, कैलाश जैन सोगानी, नितिन जैन, नीतेश जैन, योगेश जैन, शुभम जैन, मोनी, पप्पू जैन, राजेश पाटनी, मुकेश कौशल, राकेश जैन, विकास जैन, दिलीप जैन, संतोष कुमार, रोहित जैन, स.सिं. संजय जैन द्वारा किया गया। निर्वाण लाडू चढ़ाने पश्चात आर्यिका संघ को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य श्रीमती अलका जैन, श्रीमती सीमा जैन सोगानी, अर्चना कौशल, रेखा पाटनी, ऊषा सिंघेन, अर्चना सिंघने, नीलम सिंघेन, वंदना जैन को प्राप्त हुआ। दोपहर में शांति विधान एवं रात्रि में हाऊसिंग बोर्ड जैन महिला मंडल द्वारा भजन आरती का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्वान पंडित विकास शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर जैन पंचायत महासभा अध्यक्ष संजय जैन, मगन जैन, सुनील जैन, सुनीत जैन, शैलू जैन के साथ ही अनेक गणमान्य नागरिकों ने धर्मलाभ लिया।



धूमधाम के साथ मनाया हाऊसिंग बोर्ड जैन का 23वां वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

### अखिल भारतीय विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट

# हैदराबाद की इकतरफा जीत, 5 विकेट से हराया वाराणसी को

**कटनी, यशभारत।** फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में खेले जा रहे अखिल भारतीय विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवे दिन शुक्रवार को हैदराबाद की टीम ने वाराणसी को एकतरफा मुकाबलें में 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आज दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला हैदराबाद और जबलपुर डिवीजन के बीच खेल जा रहा है। आज की विजेता टीम कल 26 फरवरी रविवार को बनखेड़ी से भिड़ेगी। इसके पहले वाराणसी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वाराणसी की शुरूआत खराब रही। ओपनर बल्लेबाज सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद वाराणसी ने निर्धारित 25 ओव्हरों में 8 विकेट के नुकसान पर 182 रनों का स्कोर बनाया। जिसमे पीयूष यादव ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 53 रनों का योगदान दिया। इसी तरह शुभम राय ने 41, कुलदीप यादव ने 20 एवं आदित्य यादव ने 18 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से अंकुर चौधरी ने 5 ओवरों में 30 रन देकर 4 विकेट लिए। सुरेश ने 2 व लकी ने एक विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी एआरएम हैदराबाद की टीम भी शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज राकेश यादव बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अंकुर चौधरी ने मोर्चा संभाला व आते ही चौकों और छक्कों की बारिश शुरू कर दी। अंकुर चौधरी ने इस टूर्नामेंट का सर्वाधिक स्कोर बनाया। 97 रनों की इस लाजबाव पारी में 15 खूबसूरत चौके और 3 गगनचुम्बी छक्के शामिल रहे। अंकुर की इस पारी की बदौलत हैदराबाद ने 19.3 ओवरों में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। हैदराबाद की ओर से अली ने 39 रन एवं ए वाय ने 19 रन बनाए। हैदराबाद ने 194 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। वाराणसी की ओर से क्षितिज मिश्रा एवं मांटू ने दो-दो एवं सावन सिंह ने एक विकेट लिया। मैच में शानदार बल्लेबाजी एवं घातक गेन्दबाजी करने वाले अंकुर चौधरी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आज हैदराबाद एवं जबलपुर डिवीजन के दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला जा रहा है। इस मैच की विजेता टीम कल रविवार को बनखेड़ी के साथ फाइनल मैच खेलेगी। इस मैच में अंपायरिंग बीसीसीआई लेवल वन के अंपायर संदीप बक्श एवं उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के रजिस्टर्ड अंपायर सारिक उस्मानी ने अंपायरिंग की। कामेंट्री में कल्लू बाजपेयी रहे।



# पत्रकार से अभद्रता के आरोपियों पर कार्यवाही की मांग

### एसपी से मिला श्रमजीवी पत्रकार संघ का प्रतिनिधिमंडल



**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद के पत्रकार गोकुल पटेल के साथ पिछले दिनों हुई घटना को लेकर श्रमजीवी पत्रकार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल गत दिवस जिलाध्यक्ष आशीष सोनी के नेतृत्व में एसपी सुनील कुमार जैन से मिला। इस दौरान एसपी को घटना से अवगत कराते हुए आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की गई। एसपी ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के महासचिव डॉ. सुरेन्द्र राजपूत, अनंत गुप्ता, नवनीत गुप्ता, अनुराग त्रिसोलिया, गोकुल पटेल, शैलेन्द्र कुशवाहा, श्यामलाल सूर्यवंशी सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी, मुड़वारा (म.प्र.)

क्र0/5380/ज.प्र.नि/2022-23 — कटनी, दिनांक 21/02/2023

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें http://www.mptenders.gov.in पर Key Date and Time अनुसार म0प्र0 शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से लमसम दर पर निर्धारित प्रारूप में वार्षिक दर पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की लागत एवं समयावधि कम या ज्यादा हो सकती है। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम कटनी में अथवा http://www.mptenders.gov.in पोर्टल पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख रूपये में) | अमानत राशि (राशि रूपये में) | निविदा प्रपत्र की मूल्य (राशि रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पेयजल सप्लाई हेतु ट्रैक्टर-टैंकर (क्षमता 3000-5000 लीटर) ड्राईवर सहित, केवल ट्रैक्टर (ड्राइवर सहित), मिनी ट्रक माउण्टेड टैंकर (क्षमता 4000 ली. से 6000 ली. ड्राईवर सहित एवं ट्रक माउण्टेड टैंकर (क्षमता 10000 ली. से 12000 ली.) ड्राईवर सहित किराये से लिये जाने बावत्। | 41.00 | 30750.00 | 5000.00 |

**निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है: -**

1- निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 24-02-2023 सायंकाल 5:30 बजे से।
2- निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13-03-2023 सायंकाल 5:30 बजे तक।
3- बिड खोलने की तिथि 15-03-2023 को दोपहर 1:00 बजे से।
4- निविदा के सभी संशोधन सिर्फ ऑनलाईन अपलोड किये जावेंगे, समाचार पत्रों में नहीं।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते-आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

## कार्यालय – प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.)

फोन / फैक्स : 07622- 230418 ई-मेल : heggckat@mp.gov.in girlscollegekatni@yahoo.co.in

क्रमांक/स्था./11/3/2023 — कटनी, दिनांक : 15/2/23

**बायोमैट्रिक्स अटेन्डेन्स मशीन क्रय करने हेतु संक्षिप्त विज्ञापन**

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में 11 बायोमैट्रिक्स अटेन्डेन्स मशीन क्रय किया जाना है। जिसका बिड नम्बर जेम पोर्टल पर निम्नानुसार है–

| स. क्र | बिड नम्बर | सामग्री का नाम | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | GEM / 2021/B/3118147 | बायोमैट्रिक्स अटेन्डेन्स मशीन | 07.03.2023 |

आपूर्तिकर्ता फर्म जेम पोर्टल के माध्यम से उक्तसूची में वर्णित सामग्री हेतु निविदा प्रस्तुत करें। शेष शर्तें उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन की वेबसाईट mphighereducation एवं महाविद्यालय की वेबसाईट mphighereducation.nic /gdckatni पर देखें।

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालयालय
कटनी (म.प्र.)

जी-23469/22

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी,
मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलटी स्वास्थ्य सेवाएं
नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी
डॉ. एस.के.गुप्ता — दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह — (GEN. & Laparoscopy Surgeon) कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता — M.B.B.S., M.S. (ORTHO) Bone & Fracture Specialist — फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें — 24 घंटे उपलब्ध है — CT Scan, M.R.I., एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, दूरबीन सर्जरी, डायलसिस
डॉ. रवि कुमार — M.B.B.S., M.D. (MEDICINE) — कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ. मानसी गुप्ता — मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा — स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer @99/- Available On All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 17th February 2023




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# वर्चुअली कैबिनेट में लाडली बहना को मिलेगी मंजूरी, सीएम का अभिनंदन कार्यक्रम निरस्त

**भोपाल (ईएमएस)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को वर्चुअली कैबिनेट बैठक करेंगे। इस बैठक में लाडली बहना योजना को मंजूरी दी जा सकती है। वहीं, सीधी में चुरहट-रीवा नेशनल हाईवे पर बसों एवं ट्रक की टक्कर से हुए भीषण सड़क हादसे के चलते उमा भारती की तरफ से ओाजित मुख्यमंत्री का अभिनंदन समारोह निरस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने आवास स्थित कार्यालय से वर्चुअली कैबिनेट बैठक लेंगे। इसमें लाडली बहना योजना को स्वीकृत मिल सकती है। सीएम शिवराज ने लाडली बहना योजना का ऐलान कर चुके है। इसमें महिलाओं को एक हजार रुपए प्रति माह दिया जाएगा। इसको लेकर भोपाल में बड़ा आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें पात्र



महिलाओं के मार्च से आवेदन फॉर्म भरें जाएंगे। बैठक में सीएम विकास यात्रा को लेकर भी चर्चा कर सकते है। बता दें 5 मार्च से शुरू विकास यात्रओं का आज सीहोर में समापन हो रहा है।

### सीएम का अभिनंदन कार्यक्रम निरस्त

नई शराब नीति में नशे को हतोत्साहित करने वाले प्रावधान करने को लेकर रविंद्र भवन में आयोजित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का अभिंनदन कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। माता बेटी बाई स्मृति शिक्षण समिति की अध्यक्ष उमा भारती की तरफ से सीएम का सम्मान किया जान  था। सीधी चुरहट-रीवा नेशनल हाईवे पर बस और ट्रक की टक्कर में की घटना के कारण कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। उमा ने लिखा कि सीधी में हुई दुर्घटना बहुत दखदायी है। इससे मैं  बहुत दुऱखी हूं। मृतकों को श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों के लिए मेरी संवेदनाएं, घायलों के लिए चिंता। सेवा में लगी हुई सरकारी व्यवस्था के साथ हमारे प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने आग्रह किया है कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता घायलों की सेवा में जुट जाएं।

# मध्य प्रदेश में गर्मी बढ़ी, अब यहां छाने वाले हैं बादल! किसानों को होगी समस्या




**भोपाल (ईएमएस)।** इस सीजन के ठंड के आखिरी दिन चल रहे हैं. मध्य प्रदेश में भी मौसम ने अपना रूख बदलना शुरू कर दिया है. दिनों में सुबह और रात ठंड का आलम था. लेकिन, अब  मौसम ने करवट ली है और रात में भी ठंड कम हो गई है. रात का पारा भी 15 डिग्री पर पहुंच गया है. इसके अलावा दिन का तापमान भी बढ़ने लगा है. बीते रोज राजधानी भोपाल में अधिकतम तापमान समान्य से 5 डिग्री ज्यादा 33.7 डिग्री दर्ज किया गया.

### हवा का पश्चिमी रूख

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रदेश में हवा के पश्चिमी रूख रहने की वजह से मौसम में परिवर्तन आ रहा है. इसी वजह से दिन और रात के तापमान में इजाफा हुआ है. अगर हम शुक्रवार दिन की बात करें तो तेज धूम होने की वजह से सुबह 11.30 के आस पास ही पारा 30 डिग्री के पार पहुंच गया था. इसके अलावा मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि एक दो दिन तक भी ऐसा आलम बना रहेगा.

### मौसम विभाग ने दी जानकारी

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि आने वाले एक दो दिन तक इसी तरह मौसम बना रहेगा. हवाओं के चलते गर्मी लोगों को सताती रहेगी. हालांकि मौसम विभाग का ये भी कहना है कि आने वाले एक दो दिनों में एक पक्षिमी विक्षोभ से आने वाली हवाएं इसी तरह चलती रहेंगी जिसकी वजह से मौसम ऐसे ही रहेगा.

### किसानों को हो सकता है नुकसान

मौसम विभाग ने बताया कि आसमान में हल्के बादल भी छाए रहेंगे. हालांकि, बादलों के घने होने के कोई संकेत नहीं हैं. बारिश के कोई आसार भी नहीं हैं. बादल छाने से सब्जियों में कीटों का प्रकोप बढ़ सकता है. जिससे किसानों को नुकसानों का भी सामना करना पड़ सकता है. आम के पेड़ों को भी नुकसान हो सकता है.

# गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र में वार्ड क्र. 74 के नागरिकों को मिली  02 करोड़ 24 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात



**भोपाल(ईएमएस)।** शासन की योजनाओं की जानकारी व लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रदेश में जारी विकास यात्रा के तहत गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्र. 74 के विभिन्न क्षेत्रों में विधायक श्रीमती कृष्णा गौर के नेतृत्व में विकास यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान विधायक श्रीमती गौर ने शासन की जन कल्याणकारी व विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी दी और नागरिकों से योजनाओं का लाभ प्राप्त होने के संबंध में चर्चा भी की। श्रीमती गौर ने वार्ड के विभिन्न स्थानों पर लगभग 02 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत के सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट सहित अन्य विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किए तथा सड़क, नाली एवं पार्षद कक्ष का लोकार्पण भी किया और मुख्यमंत्री जन अभियान योजना के तहत शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 30 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र/कार्ड आदि वितरित किए। इस दौरान अनेक पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, नगर निगम, जिला प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।   विकास यात्रा के दौरान विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने गोविन्दपुरा विधानसभा के वार्ड क्र. 74 में विभिन्न स्थानों पर लगभग 02 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन व जनसुविधाओं का लोकार्पण किया तथा मुख्यमंत्री जन अभियान योजना के तहत शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 30 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र/कार्ड आदि वितरित किए।

# निगम मुख्यालय भवन निर्माण के कार्य मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ किये जाएं : निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने निर्माणाधीन

**भोपाल(ईएमएस)।** निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया और प्रचलित कार्यों के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और निगम मुख्यालय भवन निर्माण के कार्य मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने भवन में की जा रही चुनाई आदि कार्यों का जायजा लिया और निगम भवन में पर्याप्त मात्रा में प्राकृतिक प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यकतानुसार ओपन स्पेस रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने अधिकारियों एवं उनके स्टाफ की बैठक व्यवस्था, मीटिंग हॉल की व्यवस्था, लिट स्थापना सहित अन्य विषयों पर अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त चौधरी ने पत्रकार कालोनी के पीछे पंचशील नगर नाले पर निर्माणाधीन डायवर्सन स्ट्रक्चर एवं स्क्रीन चेम्बर तथा एकांत पार्क स्थित नाले का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त शाश्वत मीणा, मुख्य अभियंता पी.के.जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शुक्रवार को तुलसी नगर सेकेण्ड स्टाप के पास निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया और भवन के भूतल, प्रथम तल सहित प्रचलित सभी कार्यों के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त चौधरी ने निगम मुख्यालय भवन निर्माण के कार्य मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने भवन में की जा रही चुनाई आदि कार्यों का जायजा लिया और निगम भवन में पर्याप्त मात्रा में प्राकृतिक प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यकतानुसार ओपन स्पेस रखने की व्यवस्था सुनिश्चित



करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने अधिकारियों/पदाधिकारियों एवं उनके स्टाफ की बैठक व्यवस्था, आगंतुकों की बैठक व्यवस्था, मीटिंग हॉल की व्यवस्था, लिट स्थापना, विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापना आदि अन्य विषयों पर अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने एकांत पार्क को पालीथीन व अन्य अपशिष्ट से मुक्त रखने के दृष्टिगत लिंक रोड नंबर 03 पर पत्रकार कालोनी के पीछे पंचशील नगर नाले पर निर्माणाधीन डायवर्सन स्ट्रक्चर एवं स्क्रीन चेम्बर का निरीक्षण किया और पालीथीन सहित अन्य अपशिष्ट को नाले में जाने से रोकने के लिए पत्रकार कालोनी से एकांत पार्क के बीच दो-तीन स्थानों पर पत्थर/बोल्डरों से अस्थायी बंध बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने एकांत पार्क स्थित नाले का निरीक्षण किया तथा नाले की सफाई कराने और नाले पर अस्थायी बंध बनाने के निर्देश दिए। इस कार्य के पश्चात पालीथीन व अपशिष्ट मुक्त पानी आक्सीडेंशन पौंड में पहुंच सकेगा।

# सुसाइड के 66 दिन बाद नर्स का ट्रांसफर : नींद की गोलियों के ओवरडोज से हुई थी मौत

**शिवपुरी यशभारत।** एक नर्स का तबादला आदेश उसके सुसाइड के 66 दिन बाद आया। नर्स ने सुसाइड से पहले अपने ट्रांसफर के लिए विभाग में कई अर्जियां लगाई थीं। इसके बाद भी ट्रांसफर नहीं हुआ तो डिप्रेशन में आकर उसने नींद की गोलियों का ओवरडोज ले लिया था। मृतक नर्स तनवी दबड़े बैतूल की रहने वाली थी। वह खोड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ थीं। वो डिप्रेशन में थी। इसी वजह से वह अपना ट्रांसफर भोपाल या फिर भोपाल के आस-पास के किसी अस्पताल में कराना चाहती थी, जिससे वह समय पर डॉक्टर से मिल सकें। परिजन के करीब रहकर डिप्रेशन से दूर हो सकें।

बात दिसंबर 2022 की है। संविदा स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। उस दौरान खोड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तनवी को लगातार 90-90 घंटों तक ड्यूटी करनी पड़ रही थी। इस वजह से वह काफी थक गई थी। इसके चलते 20 दिसंबर को तनवी ने



सरकारी आवास में नींद की ज्यादा गोलियां खा ली थीं। ओवरडोज के कारण तनवी की मौत हो गई। उस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने कहा था कि नींद की गोलियों का ओवरडोज हुआ है, इस वजह से उसकी मौत हो गई।

### अपने खर्चे पर मांगा था ट्रांसफर

23 फरवरी की शाम स्वास्थ्य विभाग के नर्सिंग स्टाफ के ट्रांसफर की एक सूची जारी की थी। सूची में सातवे नंबर पर तनवी दबंडे का नाम है। उसने खुद के खर्चे पर अपना ट्रांसफर करवाया था। सूची के अनुसार, उसका स्थानांतरण रायसेन जिला अस्पताल में हुआ है। आदेश आने के बाद तनवी के साथ काम कर चुके स्टाफ का कहना है कि अगर ट्रांसफर के यही आदेश पहले आ गए होते तो तनवी आज हमारे बीच होती। उसके साथ कम कर चुकी एक नर्स ने नाम और पहचान उजागर न करने की शर्त पर बताया कि वह कई बार कहती थी कि वह यहां काफी अकेला महसूस करती है, काफी परेशान रहती है। वह चाहती है कि कैसे भी उसका ट्रांसफर घर या घर के आसपास किसी जिले में हो जाए तो परेशानी काफी हद तक खत्म हो जाएगी। नर्स के अनुसार वह खुद के ट्रांसफर के लिए लंबे समय से प्रयास कर रही थी। उसकी इच्छा पूरी तो हुई, लेकिन उसकी मौत के बाद। उसके साथ काम कर चुकी नर्सों के अनुसार वह काफी होनहार थी और उसे उत्कृष्ट काम के लिए कई बार सम्मानित भी किया गया था। अगर यह ट्रांसफर पहले हो जाता तो शायद तनवी आज भी हमारे साथ होती।

# इन्दौर के बाल सुधार गृह से भागे 8 किशोर

**इन्दौर यशभारत।** इन्दौर के परदेशीपुरा स्थित बाल सुधार गृह से गुरुवार रात 8 बाल अपचारी फरार हो गए। सभी ने योजनाबद्ध तरीके से संप्रेक्षण गृह से भागने की घटना को अंजाम दिया। आठ में से चार किशोरों ने सुरक्षा के लिए मौजूद चौकीदार और होमगार्ड के जवान को पकड़ा और अन्य चार ने अग्निशमन यंत्र से गेट का ताला तोड़ा और सभी भाग निकले। इस दौरान उन्होंने संप्रेक्षण गृह में लगे सीसीटीवी कैमरों का स्विच भी बंद कर दिया। स्टाफ द्वारा दी गई सूचना के बाद हीरानगर थाना पुलिस जांच करने पहुंची; लेकिन भागने वाले बाल अपचारियों को पकड़ा नहीं जा सका। पुलिस के अनुसार बाल संप्रेषण गृह से भागे आठ नाबालिगों में 4 रतलाम, 2 भिंड, 1-1 भोपाल और इन्दौर के रहने वाले है। सभी को अलग-अलग आपराधिक प्रकरण के चलते यहाँ रखा गया था। बाल सुधार गृह का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता है। पिछले साल भी यहां से बाल अपचारी के भागने की घटना हो चुकी है।

# सागर में दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कैद

## महिला के पेट पर मारी लात, जमीन पर गिरी तो जबरदस्ती किया था गलत काम

**सागर यशभारत।** सागर के सानौधा थाना क्षेत्र के ग्राम रंगोली में हुए दुष्कर्म के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है। प्रकरण की सुनवाई न्यायाधीश दिनेश सिंह राणा की कोर्ट में हुई। न्यायालय ने प्रकरण में सुनवाई करते हुए आरोपी भागीरथ लोधी को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से प्रकरण में पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक दीपक पौराणिक ने बताया कि पीड़िता ने सानौधा थाने में पहुंचकर शिकायत की थी। शिकायत में बताया था कि वह ग्राम रंगोली में रहती है। 9 मई 2022 की शाम अपने चाचा ससुर के खेत में शौच करने गई थी। इसी दौरान गांव का रहने वाला आरोपी भागीरथ लोधी आया और पेट पर लात मार दी। जिससे पीड़िता



जमीन पर गिर गई। जिसके बाद आरोपी भागीरथ ने उसके गाल में काटा और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं घटनाक्रम के संबंध में किसी को नहीं बताने के लिए 500 रुपए दिए और जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

पीड़िता ने घर लौटकर पति को अपनी आपबीती बताई। जिसके बाद पति के साथ सानौधा थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले की जांच पूरी होने पर न्यायालय में चालान पेश किया। कोर्ट ने प्रकरण में सुनवाई शुरू की। अभियोजन ने मामले से जुड़े साक्ष्य, दस्तावेज और गवाहों को कोर्ट के सामने पेश किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना और फैसला सुनाते हुए आरोपी भागीरथ लोधी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

# मध्यप्रदेश के एमएसएमई विभाग को मिला केन्द्र सरकार से अवार्ड : सचिव पी. नरहरि ने ग्रहण किया अवार्ड



**भोपाल/इन्दौर यशभारत।** मध्यप्रदेश के खाते में एक और उपलब्धि अर्जित हुई है। केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के एमएसमएई के विलंबित भुगतानों के निराकरण के लिये सुक्ष्म और लघु उद्यम फेसिलिटेश्न कॉउन्सिल को स्ट्रांग रिकवरी प्रोसिजर एवं प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये, एमएसईएफसी एक्सिलेंस अवार्ड-2022 प्रदान किया है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गत दिवस मध्यप्रदेश के एमएसएमई विभाग के सचिव और उद्योग आयुक्त पी. नरहरि को यह प्रतिष्ठापूर्ण अवार्ड प्रदान किया। केन्द्रीय एमएसएमई के अतिरिक्त सचिव डॉ. रजनीश, लघु उद्योग भारती के सदस्य महेश गुप्ता, राजेश कुमार मिश्रा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

नरहरि ने बताया कि एक जनवरी 2022 से दिसम्बर 2022 तक कॉउन्सिल की 19 बैठकें हुई, जिसमें कुल 472 प्रकरणों में सुनवाई की और 303 प्रकरणों में अन्तिम निर्णय कर विभागीय पोर्टल में अपलोड किये गये। अवार्ड एवं सुलह के माध्यम से तीस करोड़ 51 लाख 30 हजार 571 रूपये का भुगतान कराया गया। कॉउन्सिल की बैठक प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय शुक्रवार को की जाती है और उभय पक्षों को वर्चुअल सुनवाई की सुविधा भी दी जाती है।

पी. नरहरि ने बताया कि केन्द्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 की धारा 15 से 23 तक सप्लायर को यह अधिकार होता है कि यदि उसने क्रेता को सामग्री / सेवा प्रदाय की है तो नियत दिनांक से 45 दिवस के पूर्व क्रेता को भुगतान करना आवश्यक है। समायवधि में भुगतान नहीं होता है तो, सप्लायर को अधिनियम अन्तर्गत क्रेता से मूलधन के साथ 3 गुना चक्रवृद्धि मासिक ब्याज पाने का दावा अधिनयम की धारा 18 में कर सकता है।

# महिला सुरक्षा व बाल संरक्षण हेतु किये गये नवाचारों एवं अभियानों की डीजीपी सक्सेना ने की सराहना

**भोपाल (ईएमएस)।** पुलिस विभाग के कार्यालय परिसर के जीर्णोद्धार के लिये तथा नागरिक सुविधाएं बेहतर बनाने के लिये पुलिस मुख्यालय द्वारा अनुदान प्रदान किया गया था, जिसके अंतर्गत भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये विशेष प्रयास किये गये है और बिल्डिंग का डिजाईन उसी अनूरूप बनाया गया है। इसी के अंतर्गत महिला थाना को विशेष रूप से प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया। साथ ही विक्टिम फ्रेंडली स्टेशन का निर्माण किया गया। करीब 20 वर्ष पुरानी महिला थाने की बिल्डिंग का जीर्णोद्धार करने के उदेश?य से विस्तृत नई योजना बनाई गई तथा विक्टिम फ्रेंडली स्टेशन का जीर्णोद्धार कर इसे निर्मित किया गया। जिसका अवलोकन पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना एवं अतिरिक?त पुलिस महानिदेशक योजना अनिल कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सचिन अतुलकर एवं समस्त डीसीपी व अन्य अधिकारी मौजद रहे। डीजीपी सक्सेना ने महिला थाने में प्रथम आगमन तथा विक्टिम फ्रेंडली पुलिसिंग के अंतर्गत विक्टिम सपोर्ट होने से प्रथम कार्यवाई प्रारम्भ होने के अवसर पर महिला थाना प्रभारी व स्टॉफ को बधाई दी गई तथा वहां उपस्थित सोशल वर्कर्स तथा सामाजिक संस्थाओं को भी सहयोग हेतु आव्हान किया। डीजीपी सक्सेना ने विशेष रूप से प्रतीक्षालय कक्ष तथा विक्टिम सपोर्ट कक्ष की सराहना की एवं विजीटर्स फेसिलीटेशन विंडो के नए प्रयोग की भी सराहना की। इसी के साथ उन्होंने महिला थाना प्रभारी से महिला




अपराधों की जानकारी ली तथा महिला अपराधों के बदलते हुए ट्रेंड से सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर महिला सुरक्षा शाखा के अधिकारी एडिशनल डीसीपी श्रीमती ऋचा चौबे एवं एसीपी श्रीमती निधी सक्सेना को विशेष रूप से निर्देशित किया। महिला अपराध मे इस नवाचार को विशेष रूप से सराहना कर पुलिस कमिश्नर को बधाई दी। उपरांत एसीपी टीटी नगर पुनर्नियोजित कार्यालय परिसर का भी अवलोकन किया गया। पूर्व में अत्यधिक खराब हालत में इस भवन में यहां पूर्व में विशेष किशोर पुलिस इकाई भी थी, उसका पुनर्निरीक्षण कर भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त अनुदान  राशि से उसको नए स्वरूप में विकसित किया गया और वहां पर एसीपी के कोर्ट रूम को भी बनाया गया। कमिश्नरेट व्यवस्था आने के बाद पुलिस अधिकारियों का दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत मजिस्ट्रेट की शक्तियां/पावर प्राप्त होने पर एसीपी का कोर्ट किस प्रकार संचालित होता है और किस प्रकार से कार्य संपादित होता है, इस संबण्ढ़ मे उन्होने डीसीपी स्तर के अधिकारियों से विस्तृत रुप से चर्चा की तथा एसीपी टीटीनगर चंद्रशेखर पाण्डे को विशेष रूप से उनके क्षेत्र अंतर्गत जितनी भी कार्यवाही हुई है, उसकी समीक्षा की गई। इसके बाद उन्होने एडीजी योजना व अन्य अधिकारियों को सूचित किया कि भोपाल व इंदौर पुलिस कमिश्नरेट मे समस्त एसीपी कार्यालयों मे एक नवसुसज्जित कोर्ट परिसर टी टी नगर एसीपी कार्यालय के अनुरुप बनाया जाये। इसी मापदंड के अनुरुप बनाया जाये, ऐसे निर्देश भोपाल व इंदौर पुलिस कमिश्नर को देकर के पुलिस मुख्यालय की योजना शाखा को इसके आवंटन देने के भी निर्देश दिये। तृतीय चरण में नवसुसज्जित ( विशेष किशोर पुलिस इकाई ) का भ्रमण किया गया। यह इकाई प्रत्येक जिलों मे एक ऐसा कार्यालय होता है, जिसमे विधि विरोधी बालकों को या ऐसे बालक/बालिकाएं जो कि अपराध या अन्य तरीके से पीड़ित हो, अथवा उनसे प्रभावित हो उनके सहयोग एवं उनके अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु इस स्थान पर रखा जाता है। उक्त विशेष किशोर पुलिस इकाई को भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में नवनिर्मित श्यामला हिल्स थाने के प्रथम तल पर रखा गया है और इसे बड़ी ही सुंदरता से एवं समस्त नियमों का पालन करते हुए विक्टिम फ्रेंडली स्पेस के रुप में बनाया गया है, जिसमे चाइल्ड फ्रेंडली रूम को निर्मित किया गया है तथा उनकी मनोवैज्ञानिक काऊंस्लिंग व अन्य व्यवस्थाओ का भी ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही इसमे सिविल सोसाइटी सपोर्ट यूनिट भी बनाया गया है, जिसमे सामाजिक कार्यकर्ता किस प्रकार से बाल संरक्षण मे पुलिस के साथ मिलकर काम करें।

# हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा योजनाओं का लाभ-हिमाद्री सिंह

## सांसद ने ढ़ाई करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**कटनी,यशभारत।** शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य विकास यात्रा निकाली जा रही है। सांसद आज यहां हीरापुर कौड़िया में विकास यात्रा के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी।

सांसद ने इस मौके पर दो करोड़ 54 लाख रुपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री मोती कश्यप, कलेक्टर अवि प्रसाद, भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य अखिल पांडे, सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, खजुराहो सांसद प्रतिनिधि विकास द्विवेदी, सरपंच श्रीमती पटेल और प्रशांत राय गोविंद सिंह सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन मौजूद रहे। यहा सांसद श्रीमति हिमांद्री सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए जन हितैषी योजनाएं का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सांसद श्रीमती सिंह ने लाडली बहना योजना की भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत एक हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा ,इससे हमारी बहने आत्मनिर्भर बनेगी। सांसद ने ग्रामीणों की मांग पर यहां प्राथमिक स्कूल की बाउंड्री वॉल बनाने खेल मैदान और मंगल भवन बनाने की घोषणा की, साथ ही फर्नीचर व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन कराने के लिए आश्वस्त किया। शहडोल सांसद ने हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। विकास यात्रा को भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने भी संबोधित किया। जबकि आभार प्रदर्शन जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन तथा कन्या पूजन किया गया और गांव के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। सांसद श्रीमती सिंह ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं को नगद राशि देकर पुरुस्कृत किया।





# बड़वारा में 71 वर-वधुओं ने लिए एक साथ फेरे

## सांसद एवं कलेक्टर ने नव दंपत्ति को दिया आशीर्वाद

**कटनी,यशभारत।** विकासखंड बड़वारा में गुरुवार को 71 कन्याओं का सामूहिक विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत संपन्न हुआ। इस दौरान शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, कलेक्टर अवि प्रसाद, भाजपा जिलाअध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ,जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उत्सवी माहौल में विवाह की सभी रस्में विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई। इस दौरान वर एवं वधू पक्ष के रिश्तेदार भी मौजूद थे। इस मौके पर शहडोल सांसद श्रीमती सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के 71 विवाहित दंपतियों के नए जीवन में प्रवेश करने का साक्षी बनने पर हम सभी खुश और प्रसन्न है। यह सौभाग्य की बात है कि हम सब इस विवाह आयोजन के साक्षी बने। मैं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। इस दौरान सांसद श्रीमती सिंह द्वारा विवाह स्थान पर पहुंचकर कन्याओं को आशीर्वाद दिया। श्रीमती सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समाज के गरीब और निर्धन वर्ग की कन्याओं के विवाह बिना किसी पैसों की तंगी से हो सके इसके लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू की है। जिसके तहत 55 हजार रुपए प्रति विवाह हेतु दिया जाता है। जिसमें 38 हजार की गृहस्थी व 11 हजार का चेक शामिल है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, के के पांडे, अंकित श्रीवास्तव और सरपंच सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# रेफरल माले में लापरवाही बरतने वाली 4 एएनएम को नोटिस जारी

## रिकार्ड में दर्ज ही नहीं की थी एएनसी जांच रिपोर्ट



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता के सुधार तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने सहित प्रसव रेफरल मामलों की प्रतिदिन की जा रही समीक्षा में लापरवाही बरतने वाली 4 ए.एन.एम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। समीक्षा के दौरान यह पता चला कि गर्भवती महिला की ए.एन.सी के दौरान 4 जांच करनी आवश्यक है। लेकिन कई ए.एन.एम द्वारा एक भी जांच नहीं की गई और कईयों ने मात्र एक और दो ही ए.एन.सी जांच की है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने ए.एन.एम के इस कृत्यों को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मानते हुए सी.एम.एच.ओ को निर्देशित किया कि चारो ए.एन.एम को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रदीप मुड़िया ने रीठी के उप स्वास्थ्य केन्द्र निटर्रा की ए.एन.एम आरती पटवा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आरती पटवा द्वारा गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी के दौरान केवल एक ही जांच की गई। जबकि उप स्वास्थ्य केन्द्र उमरिया रीठी की ए.एन.एम भागवती पटेल ने गर्भवती महिला की ए.एन.सी जांच रिकार्ड मे अंकित ही नहीं किया।इसी प्रकार पन्ना के उपस्वास्थ्य केंद्र शाहनगर की एएनएम ने जिला चिकित्सालय कटनी प्रसव हेतु रेफरल के मामले मे मात्र दो ही ए. एन. सी. जांच की थी। इन्हें भी सी.एम.एचओ. पन्ना के माध्यम से कारण बताओ नोटिस दिया गया है। ऐसे ही एक और मामले मे उमरिया जिले के उप स्वास्थ्य केंद्र मानपुर की ए.एन.एम. द्वारा जिला चिकित्सालय में प्रसव हेतु रेफरल प्रकरण की मात्र दो ही जांचे ए.एन.एम. द्वारा की गई। इन्हें भी कारण बताओ नोटिस सी.एम.एच.ओ. उमरिया के द्वारा दिया गया।



# विद्यार्थियों को पोषक तत्व प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**कटनी,यशभारत।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्वरोजगार आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबन के लिए स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत प्राचार्य डॉ इंद्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक विवेक चौबे एवं मंजू द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसी क्रम में विद्यार्थियों को आच्छादन के अंतर्गत भूमि की उर्वरा शक्ति सजीव ता एवं नमी संरक्षण के लिए आच्छादन आवश्यक है इसके लिए मृदा आच्छादन कास्ट आच्छादन एवं सजीव आच्छादन की जानकारी दी गई। आच्छादन के लिए पत्तियां घास की कतरन पीट मॉस लकड़ी के टुकड़े पेड़ों की छाल की कतरन तथा स्ट्रा मल्च पाइन स्ट्रा कार्ड बोर्ड। अखबार रबर एवं प्लास्टिक के उपयोग की तकनीकी जानकारी दी गई। विभिन्न पोषक तत्वों के कार्य एवं एकीकृत पादप पोषक तत्व प्रबंधन की आवश्यकता उद्देश्य तथा इसके अंतर्गत जैव उर्वरक फसल अवशेष जैविक खाद जीवाणु खाद हरी खाद शीघ्र खाद आदि के उपयोग की तकनीकी जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया।

## उन्नत नस्ल की दुधारू गायों हेतु पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री पशु पालन विकास योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-2023 हेतु कटनी जिले में जिला स्तरीय भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों हेतु पुरुस्कार प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रघुराज सिंह अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत उपस्थित हुए। जिला स्तरीय पुरुस्कार प्रतियोगिता के अध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कटनी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें डॉ0आर0के0सिंह, उपसंचालक, पशु पालन एवं डेयरी विभाग तथा मनीष मिश्रा उपसंचालक कृषि विभाग कटनी सदस्य रहे। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालक गरीबन प्रसाद रोशन नगर कटनी निवासी को 51 हजार रुपये,द्वितीय स्थान पर पशुपालक पवन पांडे ग्राम देवरी को 21 हजार रुपयेतथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालक विजय सिंह गोखरू ग्राम सिहुड़ी को 11 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई है। इसके साथ ही प्रमाण-पत्र का वितरण मुख्य अतिथि रघुराज सिंह अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति के द्वारा विजयी गायों का तिलक वंदन, फूलमाला पहनाकर पूजा अर्चना की गयी। प्रतियोगिता में गायें जिले के विभिन्न विकासखण्डों से 21 फरवरी को जिला पशु चिकित्सालय प्रांगण, झिंझरी, कटनी में लायी गयी तथा उनका 22 फरवरी के दोनों टाईम का दोहन एवं 23 फरवरी के एक टाईम के दोहन के आधार पर अधिकतम दूध देने वाली गायों का चयन समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी के साथ-साथ डॉ गायत्री राज, पशु चिकित्सउपस्थिति रही।



# 765 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 18 लीटर मदिरा जप्त

**कटनी,यशभारत।** अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण की रोकथाम हेतु रोजाना चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर बुधवार को भी विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद के ग्राम छपरा, सिंहुडी एवं ग्राम डुंगरिया में परमानन्द कोरचे सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाकर आबकारी की टीम ए द्वारा कुल जप्ती 765 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 18 लीटर अबैध हाथ भट्ठी मदिरा के कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 ( 1 ) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 40 हजार 950 रूपये है।

# परीक्षाओं के मद्देनजर जिले मे ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध




**कटनी,यशभारत।** वर्तमान में शैक्षणिक संस्थाओं की परीक्षाएं संचालित की जा रही है तथा शीघ्र ही बोर्ड की परीक्षाएं जैसे सी.बी.एस.ई. एवं एम.पी बोर्ड तथा स्कूल कॉलेज एवं अन्य संस्थाओं की परीक्षाएँ भी संचालित होंगी। वर्तमान में विवाह एवं अन्य उत्सवों में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग अत्यधिक मात्रा में किया जा रहा है। उक्त परीक्षाओं को तथा विद्यार्थियों के विद्या अध्ययन में ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउड स्पीकर, डेक, डीजे, बैंड-बाजा व अन्य के उपयोग होने से विद्यार्थियों के विद्या अध्ययन में बाधा उत्पन्न होने की संभावनायें बनी रहती है। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये रोमानुस टोप्पो, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कटनी ने जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 एवं म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया है।कोई भी व्यक्ति जो म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 मे दिये गये प्रावधान तथा इस आदेश का उल्लंघन करेगा उसका कृत्य म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 15 ( 1 ) के अंतर्गत दण्डनीय अपराध माना जायेगा जिसके अंतर्गत छः माह का कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1000 रूपये तक हो सकेगा या दोनो से दण्डित किया जावेगा।

अतिरिक्त ध्वनि प्रदुषण नियंत्रण नियम 2000 के अंतर्गत अपराध पाया जाने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के अंतर्गत 5 वर्ष की भी दण्डनीय अपराध होगा। सजा या एक लाख रूपये जुर्माना अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के अन्तर्गतयह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा एवं जारी किये जाने की तिथि से दो माह तक कटनी जिले कीसीमा अंतर्गत प्रवृत्त रहेगा।

# आधा दर्जन तालाबों को स्वच्छ करने 500 कार्यकर्ता करेंगे श्रमदान

## संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तहत देश भर में स्वच्छ जल स्वच्छ मन महाअभियान 26 से



**कटनी,यशभारत।** सुप्रसिद्ध निरंकारी संत सतगुरु बाबा हरदेवसिंह द्वारा स्थापित संत निरंकारी मंडल पूरे देश भर में समर्पित भाव से सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है। बाबा हरदेवसिंह के ब्रह्मलीन हो जाने के बाद अब निरंकारी मंडल सतगुरु माता सुदीक्षा जी एवं निरंकारी राजपिता जी के मार्गदर्शन में एक मिशन के रूप में सक्रिय है। देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निरंकारी मिशन ने भी अमृत प्रोजेक्ट के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन महाअभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस महाअभियान का शुभारंभ कल 26 फरवरी रविवार से होना है। इस महाअभियान में कटनी जिले के आधा दर्जन तालाबों की विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी। संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगेन्दर सिंह सुखेजा ने बताया कि देश भर के 730 शहरों के एक हजार स्थानों पर निरंकारी मिशन के लगभग डेढ़ लाख कार्यकर्ता 26 फरवरी को इस सेवा कार्य में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक जल स्रोतों को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देंगे। समुद्र केरल, मुम्बई, चेन्नई, सूरत और गोवा के समुद्र तटों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित नदी, तालाबों, झीलों, कुओं जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों के अलावा टंकी, नहर, स्टाप डेम जैसे कृत्तिम जल स्रोतों की साफ -सफाई कर इन्हें निर्मल बनाया जायेगा। इस महाअभियान का उद्देश्य जल संरक्षण के लिए योजना तैयार कर उसे कार्य रूप में परिणित करना है।

## कटनी के इन जलाशयों में चलेगा स्वच्छता अभियान

संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तहत कटनी जिले के जिन आधा दर्जन जलाशयों को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया है उनमें अमीरगंज तालाब, खैबर लाइन तालाब, माधवनगर मुक्तिधाम तालाब, बड़वारा का हनुमान तालाब और कैमोर क्षेत्र का बड़ा तालाब शामिल है। संत निरंकारी मिशन के 500 कार्यकर्ता 26 फरवरी रविवार को सुबह 8 बजे से इन तालाबों की साफ-सफाई में जुट जाएंगे और लगातार चार घन्टे श्रमदान करेंगे।

# रीठी जनपद क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों मे पहुंची विकास यात्रा

## मोहास ने 151 कन्याओं का हुआ कन्या भोज

**कटनी,यशभारत।** बहोरीबन्द विधानसभा मे प्रारंभ विकास यात्रा आज रीठी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैना से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत उमरिया, मोहस, भरतपुर रुड़मड़, तिघरा कला, धाम को 6 बजे विकास यात्रा बड़गांव ग्राम पंचायत में पहुची। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में विधायक प्रणय पांडे ने विकास यात्रा का स्वागत कलश यात्रा के माध्यम से किया गया।

ग्राम पंचायत मोहास में 151 कन्याओं के भोज का आयोजन हुआ। विधायक श्री पांडे ने कन्या पूजन कर कन्या भोज कराया। आज महाशिवरात्रि पर्व की बधाई विधायक ने सभी ग्राम वासियों को दी एवं विधायक निधि के साथ-साथ शासन द्वारा कराए गए गए विकाश कार्यो का योजना बार जानकारी दी गयी। इस दौरान विधायक प्रणय प्रभात पांडे क्षेत्रीय जनपद सदस्य,सरपंच,उपसरपंच स्थानीय नागरिक एवं समस्त प्रशासनिक अमला, तहसीलदार,सीईओ,थाना प्रभारी एवं सभी विभागों से प्रशासनिक अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

विकास यात्रा में विधायक श्री पांडे द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदाय कर ग्राम पंचायत अमगवां,गुरजी कला, लालपुरा, बरजी एवं नैगवां में विधायक श्री पांडे द्वारा विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण,स्वीकृत कार्यो का शिलान्यास किया एवं विकास कार्यो एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियो को हितलाभ वितरण किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा विधायक श्री पांडे से स्थानीय समस्याओं से अवगत कराते हुये विकास कार्यो की मांग की।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही पर उपयंत्री को नोटिस जारी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने जल जीवन मिशन के कार्यों में कोताही बरतने वाले विजयराघवगढ़ में पदस्थ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री दिनेश इनवाती को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जारी कारण बताओ नोटिस में कलेक्टर श्री प्रसाद के हरदुआ और देवरी मझगवां के जल जीवन मिशन के कार्यों के निरीक्षण के बाद तकनीकी जांच हेतु गठित दल द्वारा दिए गए प्रतिवेदन में इंगित कमियों पर श्री प्रसाद ने उपयंत्री श्री इनवाती को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें पानी की टंकी की सीढ़ियों के वेस्ट स्लैब की मोटाई निर्धारित 130 एस.एम. से कम करीब 90 एस.एम. औसत मोटाई पाई गई, जिसमें चढ़ने पर कंपन होता है। जो असुरक्षित है। जिसे तोड़कर पुनः बनाया जाना उचित होगा। साथ ही रनिंग एवं शेष निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। आर.सी.सी. टंकी के निचले सतह पर स्लेब में हनीकोम्ब एवं क्रेक्स पाये गये जिसे सुधार कराना आवश्यक है। जारी आदेश में टंकी के कॉलम सर्कुलर 400 मिमी नाप में सही पाये जाने, निर्माण कार्य के पूर्व कराये गये एसबीसी टेस्ट, टंकी का आर.सी. कॉलम एम-25 एवं टंकी स्लेम एम-30 का डिजाईन किये जाने, जिसकी ड्राइंग डिजाईन, कांक्रीट ग्रेड की मिक्स डिजाईन एवं निर्माण कार्य के दौरान क्वालिटी कंट्रोल टेस्ट रिजल्ट विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने तथा पूरी टंकी का नॉन डिस्ट्रेक्टिव टेस्ट जैसे-अल्ट्रासोनिक पल्स वेलोसिटी टेस्ट, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से कराये जाने का उल्लेख करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।




# लाड़ली लक्ष्मी योजना से बालिका शशि की पढ़ाई हुई सहायक

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश सरकार की लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू होने से बेटियों की शिक्षा एवं विवाह की चिंता दूर हुई है। जिले की कक्षा 11 वीं की छात्रा शशि यादव को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिल रहा है। इस पर आस्था ने खुशी जाहिर करते हुए बेटी शशि ने मामा शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया है। शशि को इस योजना से पढ़ाई मे बहुत सहायक सिद्ध हो रही है। इस योजना में लाड़ली लक्ष्मी शशि को शासन द्वारा कक्षा 6 वीं में 2 हजार रुपये, कक्षा 9 वी में प्रवेश पर 4 हजार रूपये मिले है। साथ ही कक्षा 11 वीं 6 हजार रुपये मिले है और अब कक्षा 12 वीं में प्रवेश पर 6 हजार रुपये मिलेंगे।

# 180 किलोग्राम महुआ लाहन, 10 पाव प्लेन मदिरा एवं 10 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त

**कटनी,यशभारत।** जिला कटनी में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल के निर्देशन में रोजाना अभियान चलाया जाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विगत दिवस आबकारी वृत्त ढीमरखेडा के ग्राम विलायतकला, रामगढ़, ददरीटोला, भजिया, खम्हरिया, खमतरा, में परमानंद कोरचे सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाकर आबकारी की टीम ए द्वारा कुल जप्ती 180 किलोग्राम महुआ लाहन, 10 पाव प्लेन मदिरा एवं 10 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 6 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 ( 1 ) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 11,000/- रूपये है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक एस.डी. सिह, कृष्ण कुमार पटेल, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, धरमू काछी, राम सिंह, सम्मिलित रहे।



## अब तक बदले गए कुल 551 ट्रांसफार्मर

**कटनी,यशभारत।** किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के पात्र ट्रांसफार्मरों को वरीयता क्रम से बदलने के निर्देश कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा दिए गए है। जनप्रतिनिधियों एवं म.प्र.पूर्व.क्षेत्र. विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान भी अधिकारियों को सुचारू विद्युत आपूर्ति कराने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देशों के अनुपालन में 23 फरवरी को 5 ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही की गई। इस तरह 26 नवंबर से 21 फरवरी तक 89 दिनों मे अब तक कुल 551 पात्र ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं। कार्यपालन अभियंता (संचा - संधा) संभाग म.प्र.पूर्व.क्षेत्र.वि.वि.के.लिमि.कटनी मोहम्मद अयूब खान ने बताया कि मंगलवार को ( ग्राम भैंसवाही 25, दुर्घटी पिपरिया 25 पाकर 25, उदयपुरा 25, इटौली 25 केवीए ) एवं 26 नवम्बर 2022 से 23 फरवरी 2023 तक विगत 89 दिनों में कुल 551 पात्र ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं। कुल 5 ट्रांसफार्मरों को बदलने की कार्यवाही की गई। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रांसफार्मरों की उपलब्धतानुसार शेष पात्र ट्रांसफार्मरों को भी समयावधि में बदलने की कार्यवाही की जा रही है।

# क्षत्रिय सेवा समिति ने किया कटनी कोतवाल का सम्मान

## अस्पताल में आग लगने की घटना में पुलिस की सक्रियता पर जताया आभार



**कटनी,यशभारत।** विगत दिवस जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में आग लगने की घटना के तुरंत बाद कोतवाली थाना प्रभारी व सीएसपी के नेतृत्व में मानवता का परिचय देते हुए जिस तरह वार्ड में फंसे मरीजों व उनके परिजनों को सकुशल सुरक्षित बाहर निकाला वह बेहद सराहनीय है। कोतवाली पुलिस की इस सक्रियता को लेकर गत शाम क्षत्रिय सेवा समिति पदधिकाइयों ने कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह का शाल, श्री फल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान समिति पदधिकाइयों से चर्चा करते हुए कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि यदि उस दिन जरा सी भी लेट हो जाती तो बहुत गंभीर घटना हो सकती थी। इस दौरान क्षत्रिय समिति अध्यक्ष माधवेंद्र सिंह गौतम, शैलेन्द्र सिंह बघेल, राजेन्द्र सिंह बघेल, देव राज सिंह, प्रकाश सिंह गौतम, मनीष सिंह, सुभम सिंह, सुजीत सिंह बैस सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# खेल मंत्रालय ने ओवरसाइट कमेटी का कार्यकाल 2 हफ्ते बढ़ाया

## WFI प्रेसिडेंट पर यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रही है समिति



**नई दिल्ली, ईएमएस।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप की जांच और कार्य संचालन के लिए गठित ओवरसाइट कमेटी का कार्यकाल 2 हफ्तों के लिए बढ़ा दिया है। मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि कमेटी का कार्यकाल 2 हफ्तों के लिए बढ़ाया गया है। यह एक्सटेंशन कमेटी के कहने पर ही किया गया है। इससे पहले, मंत्रालय ने पूर्व रेसलर और राजनेता बबीता फोगाट को कमेटी में शामिल किया था। याद दिला दें कि 20 जनवरी को देश के जाने माने रेसलर ने WFI अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इतना ही नहीं, करीब डेढ़ दर्जन रेसलर्स WFI अध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर दिल्ली के जंतर-मंतर मैदान पर धरने पर बैठ गए थे।

### रेसलर्स की मांग पर फोगाट भी कमेटी में शामिल

23 दिन पहले पूर्व पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट को ओवरसाइट कमेटी में शामिल किया गया। इस कमेटी में फोगाट के अलावा एमसी मैरीकॉम, खेल रत्न योगेश्वर दत्त, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित तृप्ति मुरगुंडे, TOPS CEO राजगोपालन और राधा श्रीमन शामिल हैं। इससे पहले, धरने पर बैठे पहलवानों ने बबीता को कमेटी में शामिल करने की मांग की थी।

### विनेश-पूनिया और साक्षी ने किए थे ट्विट

कमेटी बनाने के बाद विनेश-पूनिया ने दोपहर 3 बजे एक साथ ट्वीट किए, जबकि साक्षी ने दोपहर 3.40 बजे अकेले ट्वीट किया था। तीनों पहलवानों ने लिखा- हमें आश्वासन दिया गया था कि ओवरसाइट कमेटी के गठन से पहले हमसे परामर्श किया जाएगा। बड़े दुख की बात है कि इस कमेटी के गठन से पहले हमसे राय भी नहीं ली गई। तीनों ही रेसलर्स ने अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग भी किया था। खेल मंत्रालय की ओवरसाइट कमेटी पर सवाल उठाने से पहले विनेश फोगाट ने मंगलवार सुबह भी दो ट्वीट किए।

### विवाद में रेसलर गीता फोगाट की एंट्री

तीनों पहलवानों के ओवरसाइट कमेटी से जुड़े ट्वीट के बाद इस विवाद में दंगल गर्ल गीता फोगाट ने भी एंट्री ले ली। गीता फोगाट ने मंगलवार शाम 4.18 बजे PMO, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग करते हुए ट्वीट किया था। गीता ने लिखा- मैं देश के माननीय प्रधानमंत्री जी से निवेदन करती हूं हमारे देश की सभी बहन-बेटियां आपकी तरफ बहुत आशा और उम्मीदों से देख रही हैं। अगर हम सब बहन-बेटियों को न्याय नहीं मिला, तो यह देश के इतिहास के लिए बहुत बड़ा दुर्भाग्य होगा। गौरतलब है कि गीता और उनकी बहन बबीता फोगाट सिस्टर्स के नाम से मशहूर हैं। बबीता फोगाट BJP जॉइन कर चुकी हैं। पहलवानों ने जब WFI अध्यक्ष के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना शुरू किया था तब बबीता फोगाट भी वहां पहुंची थी और दावा किया था कि केंद्र सरकार इस विवाद को बहुत जल्द हल करवा देगी।

### बजरंग ने अर्जुन अवॉर्डी कोच के आरोपों का किया समर्थन

बजरंग पूनिया ने भी अर्जुन अवॉर्डी कुश्ती कोच कृपाशंकर बिश्नोई के आरोपों का समर्थन किया था। कोच बिश्नोई ने अपने आरोपों में कहा था कि कुश्ती में कई गड़बड़ियां हैं, मैंने भी शिकायत की थी, मगर सुनवाई नहीं हुई। बिश्नोई ने 17 दिसंबर 2022 को भारतीय कुश्ती संघ को मेल के जरिए 28 रेफरी के नाम सहित जानकारी दी थी और उन्हें नौसिखिया कहा था। उन्होंने कुश्ती के नए नियमों पर भी सवाल खड़े किए थे, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। नियमों को लेकर जब उन्होंने आपत्ति दर्ज करवाई तो उन्हें हटा दिया गया था।

### दिग्गज मुक्केबाज मैरीकॉम की अगुवाई में बनी थी ओवरसाइट कमेटी

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने WFI अध्यक्ष के खिलाफ धरना देने वाले पहलवानों के साथ नई दिल्ली में अपने सरकारी आवास पर मीटिंग की थी। देर रात तक चली इस मीटिंग के बाद अनुराग ठाकुर ने पहलवानों के साथ मीडिया के सामने आकर कहा कि खेल मंत्रालय पूरे विवाद की जांच के लिए कमेटी बनाएगा, जो 4 हफ्ते में रिपोर्ट देगी। कमेटी की जांच पूरी होने तक बृजभूषण सिंह WFI का कामकाज नहीं देखेंगे।

# पहले धोनी अब हरमनप्रीत, सेमीफाइनल में फिर टूटा भारतीय फैंस का दिल, याद आया 2019 विश्व कप सेमीफाइनल





**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया को पांच रन से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय टीम विश्व कप से बाहर हो गई है। इस मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 52 रन के स्कोर पर रन आउट हो गई और यहीं से भारत मैच हार गया। हरमनप्रीत के इस रन आउट ने 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल की याद दिला दी, जब धोनी के रन आउट होने के बाद भारत मैच हार गया था।

### 2019 विश्व कप में क्या हुआ था?

2019 पुरुष वनडे विश्व कप का सेमीफाइनल मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच था। कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 239 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत की शुरुआत कुछ खास नहीं थी, लेकिन धोनी ने शानदार अर्धशतक लगाकर मैच बना दिया था। भारत को जीत के लिए आखिरी 10 गेंद में 25 रन की जरूरत थी। धोनी जैसे बल्लेबाज के लिए यह नया नहीं था। वह ऐसे हालातों से कई बार भारत को जीत दिला चुके थे। ऐसे में फैंस की उम्मीदें बनी हुई थीं। हालांकि, धोनी दो रन लेने के चक्कर में रन आउट हो गए और टीम इंडिया 18 रन से मैच हार गई। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत का सफर भी खत्म हो गया और बाद में यह धोनी का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ।

### हरमनप्रीत के साथ क्या हुआ?

धोनी के रन आउट होने के चार साल बाद हरमनप्रीत भी कुछ उसी अंदाज में रन आउट हुई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में भारत के सामने 173 रन का लक्ष्य था। इस मैच में भी भारत की शुरुआत खराब थी, लेकिन हरमनप्रीत ने अपने अर्धशतक के दम पर भारत की मैच में वापसी कराई। वह 52 रन बनाकर खेल रही थीं, जब दूसरा रन लेने के चक्कर में वह रन आउट हो गईं। हरमनप्रीत आसानी से दो रन पूरे कर सकती थीं और इसी वजह से वह दूसरा रन आराम से भाग रही थीं, जब थ्रो विकेटकीपर के पास आया तो उन्होंने क्रीज के पार अपना बल्ला ले जाने की कोशिश की। इसी समय उनकी किस्मत ने धोखा दिया और बल्ला जमीन में फंस गया। विकेटकीपर ने गिल्लियां बिखेर दीं और हरमन क्रीज से बाहर रह गईं। यहीं से भारत मैच हार गया। उनके बाद ऋचा घोष भी अगले ही ओवर में पवेलियन लौट गईं और टीम इंडिया की हार तय हो गई। भारत की हार के बाद फैंस को 2019 विश्व कप याद आ गया और सोशल मीडिया पर फैंस ने जमकर इस मामले पर ट्वीट किया।

# फोटो लीक विवाद के बाद पैपराजी से मिलीं आलिया भट्ट, पिंक ओवरसाइज्ड सूट में लगीं गॉर्जियस, फुल सिक्योरिटी के साथ हुईं स्पॉट

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट कल रात यानी 23 फरवरी को मुंबई में स्पॉट हुईं, इससे जुड़ा एक वीडियो सामने आया है, जहां वह पिंक ओवरसाइज्ड सूट में काफी गॉर्जियस लग रही हैं। वीडियो में आलिया फुल सिक्योरिटी के साथ दिखाई दीं। इस दौरान एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए पैपराजी को पोज भी दिए। दरअसल, दो दिन पहले आलिया जब अपने घर पर आराम कर रही थी, तब एक पब्लिकेशन ने उनकी प्राइवेट तस्वीरें क्लिक कर ली, वो भी बिना उनकी मर्जी के। इस हरकत के बावजूद आलिया ने स्माइल करते हुए पैपराजी से मुलाकात की। इस वीडियो के सामने आते ही फैंस एक्ट्रेस के सादगी की तारीफ कर रहे हैं।

### पूरा मामला समझिए

आलिया भट्ट ने 22 फरवरी को इंस्टाग्राम के जरिए इस घटना की जानकारी दी थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था। आलिया ने पोस्ट करते हुए लिखा, क्या आप मेरे साथ मजाक कर रहे हैं? मैं अपने घर पर थी और एक साधारण सी नॉर्मल दोपहर बिता रही थी। मैं अपने लिविंग रूम में बैठी थी कि मुझे लगा कि कोई मुझे देख रहा है। मैंने देखा कि दो शख्स मेरे पड़ोसी की बिल्डिंग से मुझे क्लिक कर रहे हैं। किस दुनिया में ऐसा किसी के साथ करना ठीक है? आलिया ने आगे लिखा, क्या ये करने की इजाजत किसी को भी आसानी से मिल सकती है? क्या ये किसी की प्राइवेसी को



खराब करना नहीं है? एक लाइन होती है, जिसे आप क्रॉस नहीं कर सकते हैं। और मेरे लिए ये कहना एकदम सेफ रहेगा कि आपने सारी लाइनें क्रॉस कर दी हैं। इसके साथ ही आलिया ने मदद के लिए मुंबई पुलिस को भी टैग किया था। अब इस मामले के बाद आलिया के पति रणबीर कपूर ने उनकी सिक्योरिटी को बढ़ा दिया है।

# भारत मेरे लिए सब कुछ है : कनाडा की नागरिकता छोड़ेंगेअक्षय कुमार, भारतीय नागरिकता के लिए किया आवेदन



**मुंबई, ईएमएस।** अक्षय कुमार ने हाल ही अपनी अपकमिंग फिल्म सेल्फी के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में अपनी नागरिकता के बारे में बात की। अक्षय कुमार का कहना है कि भारत उनके लिए सब कुछ है और वो पहले ही पासपोर्ट में बदलाव के लिए आवेदन कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें बुरा लगता है जब लोग उनके कनाडा की नागरिकता लेने का कारण जाने बिना कुछ कहते हैं।अक्षय कुमार ने कहा, मैंने जो कुछ भी कमाया है, जो कुछ भी पाया है, यहीं से पाया है और मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे वापस देने का मौका मिला है। मुझे बुरा लगता है जब लोग बिना कुछ जाने कुछ भी कहते हैं। अक्षय कुमार की 1990 के दशक में 15 से ज्यादा फिल्में फ्लॉप हो गई थीं। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा फिल्मों के खराब बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस ने मुझे कनाडा की नागरिकता के लिए आवेदन करने के लिए प्रेरित किया था।

### दोस्त के कहने पर कनाडा जाने चाहते थे अक्षय

अक्षय कहते हैं, मैंने सोचा कि मेरी फिल्में नहीं चल रही हैं और मुझे काम करना है। मैं वहां काम के लिए गया था। मेरा दोस्त कनाडा में था और उसने कहा कि यहां आ जाओ। मैंने आवेदन किया और मैं चला गया।

### अक्षय कुमार के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

अक्षय जल्द ही फिल्म सेल्फी में नजर आने वाले हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी और नुसरत भरूचा भी हैं। यह फिल्म 24 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसको राज मेहता ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस का हिंदी रीमेक है। इसके बाद अक्षय कुमार अगली बार टाइगर श्रॉफ के साथ बड़े मियां छोटे मियां में दिखाई देंगे। इसके अलावा उनके पास ओह माय गॉड 2, फिर हेरा फेरी 2, जैसी फिल्में भी हैं।

### मैंने अपना पासपोर्ट बदलवाने के लिए आवेदन किया है

अक्षय आगे कहते हैं, मेरी केवल दो फिल्में रिलीज होने को बची थीं और ये किस्मत की बात है कि वो दोनों सुपरहिट हो गईं। मेरे दोस्त ने कहा कि वापस जाओ, फिर से काम करना शुरू करो। मुझे कुछ और फिल्में मिलीं और मुझे और काम मिलता रहा। मैं भूल गया कि मेरे पास पासपोर्ट है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इस पासपोर्ट को बदलवाना चाहिए, लेकिन अब हां, मैंने अपना पासपोर्ट बदलवाने के लिए आवेदन किया है। अक्षय कनाडा की नागरिकता की वजह से रहते हैं लोगों के निशाने पर अक्षय हमेशा अपनी कनाडा की नागरिकता की वजह से लोगों के निशाने पर रहते हैं। उनकी कनाडा की नागरिकता हमेशा लोगों के बीच बहस का विषय बनी रहती है। अक्षय ने तीन साल पहले अपने फैंस से वादा किया था कि वो जल्द ही इंडियन पासपोर्ट के लिए अप्लाई करेंगे।

# नफरत पर हमेशा मोहब्बत की जीत होती है: स्वरा भास्कर ने साध्वी प्राची के बयान पर किया रिएक्ट..साध्वी ने आफताब-श्रद्धा केस की दी थी दलील

**मुंबई, एजेंसी।** विश्व हिंदू परिषद की नेता साध्वी प्राची ने स्वरा भास्कर की शादी पर बातों-बातों में कटाक्ष किया है। उनका कहना है कि स्वरा को शादी करने से पहले एक बार फ्रिज देख लेना चाहिए था। साध्वी ने कहा कि श्रद्धा वाकर के साथ



जो हुआ है वो स्वरा के साथ भी हो सकता है। अब इस स्टेटमेंट पर स्वरा का रिएक्शन आया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट को री-शेयर किया है जिसमें साध्वी के बयान की आलोचना करते हुए लिखा था कि नफरत पर हमेशा मोहब्बत की जीत होती है। दरअसल श्रद्धा वाकर को उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने 35 टुकड़ों में काटकर हत्या कर दी थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इसी को लेकर साध्वी ने स्वरा और फहाद की शादी पर निशाना साधा था।

### मुझे स्वरा की शादी पर कोई ताज्जुब नहीं है...

साध्वी प्राची हाल ही में मीडिया से मुखातिब हुई थीं, इस दौरान उनसे स्वरा भास्कर की शादी पर सवाल किया गया। उन्होंने कहा, स्वरा भास्कर तो हमेशा से हिंदू धर्म के खिलाफ बोलती आईं हैं। मुझे कोई ताज्जुब नहीं है कि उन्होंने अपने धर्म से बाहर जाकर शादी कर ली है।

### स्वरा ने साध्वी के स्टेटमेंट पर रिएक्ट किया

साध्वी प्राची के इस स्टेटमेंट पर स्वरा भास्कर ने भी रिएक्ट किया है। दरअसल एक सोशल मीडिया हैंडल ने स्वरा-फहाद की तस्वीर पोस्ट कर लिखा था, नफरत कितनी भी कोशिश कर ले, लेकिन जीत मोहब्बत की होती है। इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए स्वरा ने लव इमोजी का प्रयोग किया है।

### क्या है आफताब-श्रद्धा केस?

18 मई 2022 को आफताब पूनावाला नाम के शख्स ने अपनी 26 साल की प्रेमिका श्रद्धा की बेरहमी से हत्या कर दी। उसके शव को आरी से काटा। नया फ्रिज लाया ताकि टुकड़े उसमें रख सके और बदबू दबाने के लिए अगरबत्ती सुलगाता था। आफताब 18 दिन तक रोज रात 2 बजे उठता और शव के टुकड़े जंगल में फेंक आता था। आफताब ने वारदात से पहले अमेरिकी क्राइम शो डेक्स्टर समेत कई क्राइम मूवीज और शोज देखे थे। इसके बाद ही उसने श्रद्धा का मर्डर किया और आरी से काटकर उसकी बॉडी के 35 टुकड़े किए। उसने बॉडी पार्ट्स को सुरक्षित रखने के लिए बाजार से एक बड़ा फ्रिज भी खरीदा था। वह रोज कुछ टुकड़े फ्रिज से निकालता और जंगल में ठिकाने लगाने निकल पड़ता। यह सिलसिला 18 दिन तक चलता रहा। इतना ही नहीं, आफताब ने सबूत मिटाने के लिए गूगल पर खून साफ करने का तरीका भी सर्च किया था।

### स्वरा-फहाद ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत की है शादी

6 जनवरी को स्वरा और फहाद ने स्पेशल मैरिज एक्ट, 1954 के तहत कोर्ट में शादी के पेपर्स दाखिल किए और शादी कर ली। स्वरा ने सोशल मीडिया के जरिए कहा है कि उन्होंने अभी कोर्ट में शादी की है लेकिन अगले महीने तक वो ट्रेडिशनल तरीके से शादी करेंगे।

# पाकिस्तान में मनाया गया बॉलीवुड डे, कोई स्टूडेंट बना चुलबुल पांडे, तो कोई बना देवदास

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** पाकिस्तान की लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मेनेजमेंट साइंस ने हालही में बॉलीवुड डे सेलिब्रेट किया है। इस फंक्शन से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें यूनिवर्सिटी के कई स्टूडेंट्स बॉलीवुड सितारों के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में यूनिवर्सिटी के कई स्टूडेंट बॉलीवुड के अलग अलग अवतार में दिखाई दिए।



**पाकिस्तानी स्टूडेंट्स ने मचाया धमाल-** वीडियो की शुरुआत होती है फिल्म हेरा फेरी के सबसे फेमस कैरेक्टर बाबू भैया से, फिर एक स्टूडेंट शाहरुख खान की फिल्म देवदास के देव बाबू के किरदार में नजर आ रहा है तो एक स्टूडेंट सलमान खान की फिल्म दबंग के लुक में है। कोई मैं हूं ना की सुष्मिता सेन तो कोई लगान का आमिर खान के किरदार में दिखाई दिया। वहीं, एक लड़की ने आलिया भट्ट की बखूबी नकल उतारी। वह आलिया की डेब्यू फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर के उनके कैरेक्टर शनाया सिंघानिया के रोल में नजर आईं।

**फैंस ने दिए रिएक्शन-** अब सोशल मीडिया पर भारत और पाकिस्तान के कुछ लोग इस वीडियो को पसंद कर रहे हैं तो वहीं कुछ लोगों ने इस वीडियो को देख छात्रों और यूनिवर्सिटी की आलोचना की है। पाकिस्तान के एक ट्विटर यूजर ने कमेंट कर लिखा, उन्हें इस तरह देखकर बहुत बुरा लगा। तो वहीं दूसरे यूजर ने सपोर्ट करते हुए लिखा, क्यों? क्या उन्होंने ऐसा करके कोई अपराध किया है? उन्होंने यह सिर्फ एंटरटेनमेंट के लिए किया है। खैर, इस वीडियो को देख कर लग रहा की वहां के स्टूडेंट्स ने इसे खूब एन्जॉय किया है।

## भाग्यश्री ने किए थे सलमान के बारे में दिलचस्प खुलासा

# बताया-वो अपनी आदतों की वजह से लड़कियों से दूर रहना चाहते थे

**मुंबई, ईएमएस।** एक्ट्रेस भाग्यश्री ने 23 फरवरी को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। फिल्म मैंने प्यार किया से करियर की शुरुआत करने वाली भाग्यश्री ने कुछ सालों पहले दिए इंटरव्यू के दौरान सलमान खान और अपनी डेब्यू फिल्म से जुड़े कई दिलचस्प खुलासे किए थे। दरअसल, भाग्यश्री ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि सलमान ने उन्हें यह मानने पर मजबूर कर दिया था कि वो एक बुरे इंसान हैं। लेकिन एक वाक्या की वजह से उनके मन में सलमान को लेकर और भी ज्यादा इज्जत बढ़ गई।



### सलमान नहीं बल्कि महिलाएं उनके पीछे आती हैं- भाग्यश्री

वाइल्ड फिल्म्स इंडिया को दिए इंटरव्यू में भाग्यश्री ने कहा था –असल मायने में सलमान किसी के पीछे नहीं बल्कि महिलाएं उनके पीछे आती हैं। मैंने प्यार किया शूट के समय उन्होंने मुझे कहा था कि मैं नहीं चाहता कि अच्छी लड़कियां मुझसे प्यार करें।

### मैं एक लड़की से बहुत जल्दी बोर हो जाता हूं- सलमान

इस पर मैंने उनसे पूछा था- 'आप ऐसा क्यों चाहेंगे? उन्होंने कहा- 'क्योंकि मुझे नहीं लगता कि मैं अच्छा लड़का हूं।' मेरा मानना है कि मैं एक लड़की के साथ बहुत जल्दी बोर हो जाता हूं और जब तक मैं इस आदत पर कंट्रोल नहीं कर लेता, मैं चाहता हूं कि लोग मुझसे दूर रहें। इसलिए मैं उन्हें अपने करीब नहीं आने देता।'

### यह सही मायने में सच साबित हुआ- भाग्यश्री

भाग्यश्री ने आगे कहा- 'आज अगर आप देखें तो ये सही मायने में साबित हो गया। सलमान जिस तरह अपने परिवार को लेकर प्रोटेक्टिव रहे हैं, मुझे लगता है कि वो अपनी महिलाओं के लिए भी बेहद प्रोटेक्टिव हैं। यही वजह कि उनका पजेसिवनेस ज्यादा बढ़ जाता होगा, जो आज की महिलाओं के नहीं पसंद आता है। भाग्यश्री ने मैंने प्यार किया फिल्म के प्रमोशन के दौरान का किस्सा शेयर करते हुए कहा था- एक फेमस फोटोग्राफर थे, जो मेरी और सलमान की संसेशनल फोटोज क्लिक करवाना चाहते थे। इसलिए वो सलमान को अकेले लेकर गए और उन्होंने अचानक मुझे किस करने को कहा। लेकिन सलमान ने ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया।

### सलमान के लिए मेरे मन में बढ़ गई इज्जत-भाग्यश्री

भाग्यश्री ने आगे बताया कि- 'मैं फोटोग्राफर की बात सुनकर घबरा गई थी। उस वक्त हम सब नए थे तो फोटोग्राफर ने सोचा कि वो हमसे कुछ भी करवा लेंगे। उस दिन सलमान की ये बात सुनकर मेरी नजरों में उनकी इज्जत और भी ज्यादा बढ़ गई है। बता दें कि आज तक सलमान ने ऑनस्क्रीन किसी भी एक्ट्रेस को किस नहीं किया है।

## कुठला व विगढ़ में सड़क हादसों में गई तीन की जान



# हादसा: वृद्ध को ट्रेक्टर व युवक को ट्रक ने कुचला

**कटनी, यशभारत।** कुठला व विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत घटित अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसों के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत कटनी-विजयराघवगढ़ मार्ग पर सिविल अस्पताल के पास ग्राम गौरहा निवासी 68 वर्षीय रामनरेश पिता स्वर्गीय जगदीश प्यासी को बेलगाम ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है कि रामनरेश प्यासी किसी काम से जा रहे थे, तभी रास्ते में जुग्गा गुप्ता के ट्रैक्टर ने अस्पताल के समीप टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने पर स्थानीय लोगों की मदद से वृद्ध रामनरेश को सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उधर कुठला थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर ग्राम कैलवाराकला के समीप ट्रक क्रमांक एम.पी.20एचबी-3815 की चपेट में आकर ग्राम कैलवाराकला निवासी 19 वर्षीय अमन पिता मनोज पटेल की मौत हो गई। इसी प्रकार बहोरीबंद थाना अंतर्गत बिलहरी मार्ग के सल्हना मोड़ पर मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21जेडए-7993 की टक्कर लगने से घायल ग्राम डिहुटा निवासी 55 वर्षीय प्रेमिया बाई पति हेतराम चौधरी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हादसों में कालकवलित हुए वृद्ध, महिला व युवक का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है। साथ ही दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बाइक सवार युवक के हाथ व पैर को रौंदते हुए निकल गया हाइवा

### हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती, महानदी पुल के ऊपर हादसा

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत बरही मार्ग पर महानदी पुल के ऊपर तेज रफ्तार रेत से ओवर लोड हाइवा मोटर सायकल सवार को कुचलते हुए निकल गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क पर मरणासन्न हालत में पड़ा रहा। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन को छोड़कर भाग गया। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों व परिजनों में खासा आक्रोश रहा। सूचना पर पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराते हुए वाहन जप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलहरा मोहन टोला निवासी 30 वर्षीय विपिन पिता प्रेमलाल विश्वकर्मा शुक्रवार को मोटरसायकल में सवार होकर कलहरा से बरही जा रहा था। इसी दौरान महानदी पुल के ऊपर रेत लोड हाइवा क्रमांक एम.पी.19एच-4525 ने मोटर सायकल को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार विपिन सड़क पर गिर गया और हाइवा का अगला पहिया उसके एक हाथ व एक पैर को रौंदते हुए निकल गया। लोगों ने विपिन को मृत समझ लिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची वह जीवित था। जिसके बाद उसे विजयराघवगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया।



## शह और मात के खेल में उलझी विकास यात्रा

# विधायक के भूमिपूजन प्लान पर मेयर का ब्रेक!

कटनी,यशभारत। विकास यात्रा नामक परीक्षा में जनता ने भाजपा और उसके जनप्रतिनिधियों को कितने अंक दिए, इसका नतीजा तो 8 माह बाद विधानसभा चुनाव में ही सामने आएगा लेकिन 20 दिन की इस कवायद ने क्षेत्रीय विधायक और मेयर के बीच सियासी तकरार को फिर सतह पर ला दिया। विकास यात्रा के दौरान शहर के वार्डों में घूमकर विधायक सन्दीप जायसवाल जिन कार्यों का ताबड़तोड़ भूमिपूजन कर रहे थेए उनमें मेयर ने यह कहकर ब्रेक लगवा दिया कि इनका तो वर्क ऑर्डर ही जारी नही हुआ है। जब टेंडर की प्रक्रिया ही पूरी नही हुई है तब विधायक जी काम की शुरुआत कराने का श्रेय अपने खाते में कैसे दर्ज करते जा रहे हैं। यहां बात प्रोटोकॉल की भी उठने लगी हैं। इस पर बहस शुरू हो गई है कि शहर के 45 वार्डों की जद में किसका ओहदा बड़ा है। मेयर समर्थकों का कहना है कि 45 वार्डों के भीतर महापौर का दर्जा विधायक से ऊपर है, क्योंकि वह शहर का प्रथम नागरिक भी होता है, ऐसे में नगर निगम द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्यों में भूमिपूजन का पहला अधिकार मेयर का होता है।

## नजर विधानसभा टिकट पर, तल्ख होती जा रही सियासी अदावत

दरअसल मेयर प्रीति संजीव सूरी और विधायक सन्दीप जायसवाल के बीच राजनीतिक अदावत मेयर के इलेक्शन के बाद से ही चल रही है। दोनो के रिश्तों में खासी दूरियां आ चुकी है, बावजूद इसके शहर के भीतर जब विकास यात्रा निकाली गई तो दोनों नेताओं को इसमें साथ चलना पड़ा। जब तक प्रीति सूरी निर्दलीय के तौर पर नगर निगम की सत्ता चला रही थी तब तक बीजेपी के संगठन का साथ घोषित तौर पर विधायक को मिल रहा थाए किन्तु प्रीति सूरी के भाजपा में शामिल हो जाने के बाद अब संगठन भी सीधे तौर पर दो भागों में बंट गया है। अब दोनों की खींचतान में संगठन खुले तौर पर किसी भी एक पक्ष के साथ खड़ा नही हो पा रहा। 8 माह बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। विकास यात्रा के बहाने विधायक अपनी सियासी जमीन मजबूत करने में जुटे है, ऐसे में मेयर नगर निगम के विकास कार्यों का श्रेय विधायक के खाते में जाने नही देना चाहती, क्योंकि विधानसभा चुनाव के लिहाज से वे अपनी उम्मीदवारी की संभावना से कैसे पीछे हट जाएं। खबर तो यह है कि सूरी परिवार भाजपा में इस उम्मीद के साथ वापस लौटा है कि विधानसभा चुनाव में उनके नाम पर भाजपा विचार कर सकती है। विधायक को भी इस समीकरण की आहट है, इसलिए वे मेयर से तो चौकन्ने हैं ही, नगर निगम में भी अपना दखल नही छोड़ना चाहते। वैसे भी विधायक पर हमेशा ये आरोप लगे हैं कि नगर निगम उनकी राजनीति का प्रिय विषय रहा है। यहां वे अपना हस्तक्षेप बनाये रखना चाहते हैं। उनके इसी रवैये के चलते पिछले 6 माह के दौरान कई बार मेयर प्रीति सूरी असहज हो चुकी हैं। खुलकर वे कुछ नही बोल पा रही पर इशारों - इशारों में कई बार जाहिर कर चुकी हैं कि उनके विकास कार्यों में कौन रोड़े अटका रहा है।

## ट्रेन में सफर के दौरान थम गई वृद्ध यात्री की सांसें

**कटनी, यशभारत।** बीना से कटनी मुड़वारा स्टेशन के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन में सफर के दौरान एक 60 वर्षीय वृद्ध यात्री के जीवन का सफर थम गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीना से कटनी आ रही गाड़ी संख्या 11601 बीना-कटनी मैमू ट्रेन के बकलेहटा स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों ने ट्रेन ड्राइवर सी पी मौर्या को एक यात्री के चादर ओढ़कर काफी देर से सोए रहने व शरीर में हलचल न होने की जानकारी दी। जिसके बाद ड्राइवर व गार्ड राकेश सिंह चौहान ने देखा तो यात्री अचेत अवस्था में था। ट्रेन के मुड़वारा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर शव को ट्रेन से उतारा गया। जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया है। मृतक की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। रेल पुलिस मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

## सस्ते ड्यूप्लैक्स बेचने के नाम पर की थी कई लोगों से ठगी

# एश्वर्य बिल्डर्स के दो संचालकों को 7 वर्ष का सश्रम कारावास

**कटनी, यशभारत।** लोगों को सस्ते ड्यूप्लैक्स दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है व अर्थदंड अधिरोपित किया है। यह मामला एश्वर्य बिल्डर्स से जुड़ा हुआ है। ठगी करने के मामले में आरोप सिद्ध होने पर सजा सुनाई गई है। फैसले के संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक जालपा वार्ड कटनी निवासी मनीष तिवारी, गांधीगंज निवासी बल्लू उर्फ कृष्णकांत यादव व बरगवां निवासी पंचम सिंह एश्वर्य बिल्डर्स नाम से कंपनी बनाकर साझेदारी में कारोबार शुरू किया। लोगों को सस्ते डयूप्लैक्स बनाकर देने के नाम पर बुकिंग की और फिर रकम हजम कर चंपत हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर 28 सितंबर 2011 को माधवनगर थाना में अपराध पंजीबद्ध हुआ। मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध सजा सुनाई। गौरतलब है कि इस मामले में एक अन्य आरोपी पंचम सिंह फरार है। फरार आरोपी पर स्थाई वारंट जारी है। अपर लोक अभियोजक ने बताया कि पुलिस को राजेश सितपाल, शिवनंदन तिवारी, उमेश कुमार आदि ने बताया कि लगभग 27 लोगों के साथ मकान बुकिंग के नाम पर 10 हजार, 20 हजार, 50 हजार सहित अन्य रकम 31 अगस्त 2011 से 4 अक्टूबर 2011 तक आरोपियों ने प्राप्त की। षडयंत्र पूर्वक सस्ते मकान विक्रय किए जाने का अनुबंध किया और रसीदें भी दीं। बरगवां में बकायदा ऑफिस संचालित किया जा रहा था। बिलहरी रोड स्थित गोवर्धनदास, राजकुमार, गगन सोनी, विष्णु प्रसाद की जमीन पर साइड ऑफिस बनाकर एक फर्जी इकरारनामा उक्त जमीन को षडयंत्रपूर्वक प्राप्त करने आरोपी कृष्ण कुमार यादव एवं पंचम सिंह ने तैयार किया जबकि दोनों अधिकृत नहीं थे। फर्जीवाड़े के संबंध में शैलेष कुमार चौधरी ओएफके फिटर ने 4 अक्टूबर 2011 को हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपियों द्वारा 7 लाख रुपए में ग्रीन सिटी आवासीय कॉलोनी बनाकर ड्यूप्लैक्स बेचने का सब्जबाग दिखाया गया था। कई लोगों से एडवांस बुकिंग कराई और फिर लाखों रुपए नगद व चैक में से निकालकर फरार हो गए थे। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पाया कि लोगों के साथ में एश्वर्य बिल्डर्स के संचालकों ने मिलकर धोखाधड़ी की है। इस मामले में पैरवी अपर लोक अभियोजक जे पी चौधरी ने की।



### एक फरार संचालक की गिरफ्तारी पर स्थाई वारंट भी जारी

## देश के काव्य जगत के सिरमौर डॉ. कुमार विश्वास 9 मार्च को आएंगे कटनी

**कटनी,यशभारत।** देश के काव्य जगत के सिरमौर डॉ कुमार विश्वास आगामी 9 मार्च को कटनी में होंगे। होली के अवसर पर आयोजित होने वाले अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन के लिए कुमार विश्वास ने कटनी आने की स्वीकृति दे दी है। कवि सम्मेलन का आयोजन स्थानीय फारेस्टर प्ले ग्राउंड में होगा। कुमार विश्वास के साथ देश के अनेक ख्यातिलब्ध कवि भी शिरकत करेंगे। कुमार विश्वास का सानिध्य कटनी को मिलना साहित्य जगत में किसी बड़ी उपलब्धि से कम नही। वर्षों से काव्य प्रेमियों की हसरत थी कि डॉ कुमार विश्वास को करीब से सुनने का अवसर मिले। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से समूचे देश में कुमार विश्वास की लोकप्रियता में इजाफा हुआ है, वैसे ही कटनी शहर में भी उनको पसंद करने वालों की तादात बढ़ गई है। लोग काफी समय से चाह रहे थे कि उनका कार्यक्रम कटनी शहर में आयोजित हो। लोगों की यह इच्छा पूरी करने में कटनी के काव्य जगत की शान मनोहर मनोज ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। गौरतलब है कि होली के आवास पर प्रतिवर्ष घण्टाघर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता है, जिसमें सरावगी परिवार का भी खास योगदान होता है। इस बार कुमार विश्वास की मौजूदगी के मद्देनजर भीड़ की संभावना को देखते हुए कार्यक्रम का स्थान बदलकर फारेस्टर प्ले ग्राउंड कर दिया गया है। आयोजन समिति के सदस्य सतीश सरावगी एवं अजय सरावगी ने बताया कि कटनी की जनता के लिए वह पल यादगार होगा जब कुमार और कटनीवासी आमने सामने होंगे। आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आसपास के जिलों से भी लोगों के कटनी आने की संभावना रहेगी क्योंकि कुमार को चाहने वाले लोग हर जगह हैं।



## अलग-अलग कारणों से तीन युवकों ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर, स्लीमनाबाद व ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत घटित अलग-अलग घटनाओं में तीन युवकों के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक माधवनगर थाना क्षेत्र की निवार पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बिचुआ निवासी 25 वर्षीय संतोष पिता रमेश गौंटिया, स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम गुदरी निवासी 30 वर्षीय शिवम पिता बालकिशन कोरी व ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर निवासी 35 वर्षीय गणेश पिता कोदूलाल चक्रवर्ती के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

## युवक से गांजा बरामद

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली पुलिस ने खिरहनी फाटक क्षेत्र में दबिश देकर एक युवक को प्रतिबंधित गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी राजेश पिता बाबूल निषाद को गांजा की खेप के साथ गिरफ्तार किया गया है। राजेश के पास से 6 हजार रूपए कीमती 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। उसके विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8, 20 के तहत कार्रवाई की गई है।

## अपराध रोकने एसपी को सौंपा ज्ञापन



भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) ने आज पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को ज्ञापन सौंपकर शहर में बढ़ती अपराधिक घटनाओं में व्यापारियों को निशाना बनाए जाने पर चिंता जताई है। ज्ञापन में वारदातों पर लगाम लगाने की मांग की गई है। इस अवसर पर जिला इंटक परिषद अध्यक्ष बी.एम.तिवारी, श्याम शर्मा, अरूण कनौजिया, राजा जगवानी, झम्मटमल थारवानी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, मारूफअहमद हनफी, संजय गुप्ता, मोहन बत्रा, ईश्वर बहरानी, हरिशंकर शुक्ला, अजय जैसवानी सहित भारी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## गुमशुदा की तलाश



नाम विश्वजीत सिंह पिता शमशेर सिंह जिनका हुलिया रंग गोरा, चेहरा गोल, बालों का रंग काला, कद 5 फुट 6 इंच मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ्य हैं। जो दिनांक 21.02.2023 से रेलवे स्टेशन के पास थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाड़ा से लापता हैं। जिस किसी सज्जन को मिले या ऐसी कोई जानकारी हो तो निम्न पते पर सूचित करें। सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा।

**पता- शमशेर सिंह ग्राम भुड़सा थाना बड़वारा जिला कटनी (म.प्र.) मो. 9926445313**















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)